दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...

● नई दिल्ली। सोमवार 17 नवम्बर-2025 ● वर्ष: 10 अंक: 329 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य: ₹3










## दिल्ली में ब्लास्ट हुई कार का मालिक आमिर गिरफ्तार

### आतंकी उमर के साथ धमाके की साजिश रची



**नई दिल्ली।** दिल्ली ब्लास्ट केस में ठक्अ ने रविवार को आतंकी उमर के साथी आमिर राशिद अली को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। इसने उमर के साथ मिलकर दिल्ली ब्लास्ट की साजिश रची थी। वह जम्मू-कश्मीर के पंपोर के संबूरा का रहने वाला है। 20 कार आमिर के नाम पर ही रजिस्टर्ड थी।

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने आतंकी डॉ. उमर नबी से जुड़े कुछ लोगों को पकड़ा है। जांच में पता चला कि डॉक्टरों वाला यह व्हाइट-कॉलर मॉड्यूल पिछले साल से एक सुसाइड बॉम्बर ढूंढ रहा था, और इसकी जिम्मेदारी उमर पर थी।

हिरासत में लिए गए काजीगुंड के जसीर उर्फ दानिश ने बताया कि उसकी इस मॉड्यूल से पहली मुलाकात अक्टूबर 2023 में कुलगाम की एक मस्जिद में हुई थी। बाद में उसे फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी के पास किराए के कमरे में रखा गया। मॉड्यूल उसे ओवरग्राउंड वर्कर बनाना चाहता था, लेकिन उमर महीनों तक उसे सुसाइड बॉम्बर बनने के लिए मनाता रहा। योजना इसलिए फेल हुई क्योंकि जसीर ने आर्थिक तंगी और इस्लाम में आत्महत्या हराम होने की बात कहकर सुसाइड बॉम्बर बनने से मना कर दिया।

दिल्ली में सुभाष मार्ग सिग्नल पर 10 नवंबर को हुए ब्लास्ट में 13 लोग मारे गए थे। 20 से ज्यादा घायलों का इलाज जारी है। 3 की हालत गंभीर है।

**डॉ. शाहीन कहती थी- कौम का कर्ज उतारना है :** दिल्ली ब्लास्ट की आतंकी लखनऊ की डॉ. शाहीन सईद 10 साल से पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़ी थी। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (ठक्अ) के एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि शाहीन 2015 में जैश से जुड़ी थी।

2021 में एक रिश्तेदार ने डॉ. शाहीन को पति, बच्चे और नौकरी छोड़ने पर जब टोका तो शाहीन ने कहा था- परिवार और नौकरी में क्या रखा है। अपने लिए बहुत जी लिए। अब कौम का कर्ज उतारने का समय है।

खुफिया एजेंसियों ने उमर, मुजम्मिल और शाहीन को मिले 20 लाख रुपए के फंड ट्रेल का खुलासा किया है।

## प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने ली जब एसआईआर की पाठशाला, कहा -

# जो काम ना करे उसका नाम मुझे बताना





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मतदाता गहन पुनरिक्षण अभियान यानी एसआईआर को लेकर भाजपा पूरी तरह गम्भीर है। वो इस अभियान में अपने कार्यकर्ताओं के साथ साथ अपने मंत्रियों, विधायकों और संगठन पदाधिकारियों के साथ मैदान में आ गयी है। बड़ी बात ये है कि उसने इस अभियान को लेकर स्पेशल फोकस किया है और जब प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल रविवार को साहिबाबाद आये तो ये फोकस दिखाई दिया। प्रदेश संगठन महामंत्री ने जब एसआईआर को लेकर कार्यशाला ली तो इसमें केवल अपेक्षित श्रेणी के लोग मौजूद थे और मंडल से लेकर पार्षद स्तर के कई नेता बाहर वेटिंग श्रेणी में आ गये। प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल एसआईआर की इस बैठक में पूरी तरह गम्भीर दिखायी दिये। ये उनके व्यक्तिव और उनकी कार्यशैली का असर था कि बैठक में प्वांईट टू प्वांईट सभी ने अपनी बात रखी। एसआईआर को लेकर जब इंदिरापुरम में प्रदेश संगठन महामंत्री की कार्यशाला लगी तो इसमें कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा पहुंचे, शहर विधायक संजीव शर्मा पहुंचे, मुरादनगर विधायक अजितपाल त्यागी पहुंचे और मोदीनगर विधायक डा. मंजू सिवाच पहुंची। प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल ने इस बैठक में मौजूद मंडल अध्यक्षों और पांच मंडलों पर बनाये गये एक प्रभारी से भी अलग अलग बात की। प्रदेश संगठन महामंत्री की ये कार्यशाला ये बताने के लिए ही काफी थी कि भाजपा एसआईआर अभियान को बड़े स्तर पर ले रही है और वो इसे 2027 की चुनावी रणनीति से जोड़कर चल रही है।

### डेढ़ घंटे की क्लास में धर्मपाल जी ने पूछा काम और सहयोग ना करने वालों का नाम





करंट क्राइम। प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल इंदिरापुरम में एसआईआर की बैठक लेने के लिए आये थे। इस बैठक में एसआईआर से जुड़े एक एक बिंदू पर गहन समीक्षा ली जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने विधायक से लेकर मंडल अध्यक्ष तक यही पूछा कि एसआईआर अभियान की स्थिति बताओ। इस अभियान में जुटे विधायकों से लेकर मंडल अध्यक्षों से यही पूछा कि कोई बीएलओ काम ना कर रहा हो तो उसका नाम बताओ। कोई अधिकारी एसआईआर अभियान में सपोर्ट ना कर रहा हो तो उसका भी नाम बतायें। रूल ईज रूल वाले रूल को निभाते हुए प्रदेश संगठन महामंत्री ने ये भी पूछ लिया कि अगर कोई पदाधिकारी, कोई कार्यकर्ता एसआईआर अभियान में दायित्व मिलने के बाद भी रूचि ना ले रहा हो तो उसका भी नाम बताओं तत्काल प्रभाव से ऐसे कार्यकर्ता और पदाधिकारी को भी बदला जायेगा। भाजपा के लिए ये अभियान महत्वपूर्ण है और हमें पूर्ण निष्ठा के साथ काम करना है।

### जब प्रदेश संगठन महामंत्री ने ली क्लास तो कमरे में रह गये अपेक्षित श्रेणी के खास





करंट क्राइम। ये भाजपा संगठन की एक विशेषता है कि यहां जनसभा रैली, आयाम और कार्यशाला का अंतर कार्यकर्ता को बखूबी बता दिया जाता है। प्रदेश संगठन महामंत्री का पद भाजपा में एक अहम पद माना जाता है। संगठन की ये विशेषता है कि यहां अपेक्षित शब्द का मतलब इसके प्रोटोकॉल का पूरी तरह पालन करना होता है। प्रदेश संगठन महामंत्री ने जब इंदिरापुरम के रॉयल हॉटल में एसआईआर समीक्षा से पहले क्लास ली तो उनकी नजर सामने गई और फिर इसके बार यहां विधायक रहे, मंडल अध्यक्ष रहे और पांच मंडलों पर बनाये गये एक प्रभारी यानी बीएलए वन रहे। सूचना मिलने पर जो पार्षद यहां पहुंचे थे, जो मंडल पदाधिकारी यहांपहुंचे थे और महानगर के भी कई चेहरे यहां पहुंचे थे। अपेक्षित वाला कॉलम आने के बाद ये सभी चेहरे बाहर वेटिंग क्लास में आ गये और बैठक कक्ष में केवल अपेक्षित श्रेणी के चेहरे रहे। वेटिंग का सीन ये रहा कि यहां युवा मोर्चा के पदाधिकारी भी थी। इन सभी को निर्देश दे दियागया था कि आप बैठक समाप्त होने तक कृपया बाहर इंतजार करें। खास बात ये भी रही कि प्रदेश संगठन महामंत्री की कार्यशाला में पहुंचने के लिए कोई मैसेज नहीं चलाया गया था केवल अपेक्षित श्रेणी के पदाधिकारियों को बकायदा फोन कर सूचना दी गयी थी। अन्य पदाधिकारी सूचना मिलने के बाद शिष्टाचार मुलाकात के लिए पहुंचे थे।

# ट्रैफिक पुलिस ने वॉकथॉन के जरिए दिया जीवन सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन का संदेश

## सांसद, मेयर, विधायक, हरियाणवी सिंगर और कबड्डी खिलाड़ी सहित हजारों लोगों ने लिया भाग







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन को बढ़ावा देने के लिए गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस और सिविल डिफेंस की ओर से रविवार को भव्य वॉकथॉन का आयोजन किया गया। यातायात माह के तहत हुए इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिक, जनप्रतिनिधि, स्वयंसेवी संगठन और पुलिस अधिकारी शामिल हुए।

कार्यक्रम का उद्देश्य शहरवासियों को सुरक्षित ड्राइविंग, हेलमेट-व-सीटबेल्ट के उपयोग व ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करना था। इस ट्रैफिक जागरूकता रैली का शुभारंभ कवि नगर रामलीला मैदान से हुआ, जो शास्त्री नगर चौराहा, केडीबी होते हुए दोबारा कवि नगर में जाकर समाप्त हुई। वॉकथॉन का आकर्षण रहा मशहूर हरियाणवी सिंगर मासूम शर्मा और प्रसिद्ध कबड्डी खिलाड़ी राहुल चौधरी, जिन्होंने कार्यक्रम में लोगों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई।

### जनप्रतिनिधियों ने भी दिया यातायात नियम जागरूकता में साथ



करंट क्राइम। गाजियाबाद शहर को सुरक्षित और यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में सांसद अतुल गर्ग, महापौर सुनीता दयाल, विधायक अजीत पाल त्यागी, विधायक नंदकिशोर गुर्जर, शहर विधायक संजीव शर्मा, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल सहित सैकड़ों नागरिक व स्वयंसेवक इस अभियान का हिस्सा बने।

### पुलिस कमिश्नरेट के सभी अधिकारी रहे मौजूद



करंट क्राइम। कार्यक्रम को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के शीर्ष अधिकारियों का पूरा सहयोग मिला। मौके पर पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड, एडिशनल सीपी केशव चौधरी, आलोक प्रियदर्शी, डीसीपी ट्रैफिक त्रिगुण बिशेन, डीसीपी सिटी धवल जायसवाल, डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्र तिवारी, डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल, एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव, एसीपी वेव सिटी प्रिया श्रीपाल, एसीपी घंटाघर कोतवाली रितेश त्रिपाठी, एसीपी ट्रैफिक जियाउद्दीन, एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह, बड़ी संख्या में इंस्पेक्टर, अधिकारी और पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे। इस अवसर पर यातायात निरीक्षक संतोष सिंह, संतोष कुमार, जेके पाठक, अजय यादव व मनोज सहित कवि नगर थाना पुलिस बल मौजूद रहा।

### रामलीला मैदान से शुरू हुई जागरूकता यात्रा





करंट क्राइम। वॉकथॉन कविनगर रामलीला मैदान से शुरू होकर शास्त्रीनगर चौराहा, हापुड़ चुंगी - कविनगर सी-ब्लॉक मार्केट - केडीबी तिराहा से होते हुए पुन: रामलीला मैदान पर समाप्त हुई। मार्ग के हर पड़ाव पर प्रतिभागियों ने राहगीरों को यातायात नियमों का पालन करने और जीवन सुरक्षा के उपायों को अपनाने का संदेश दिया।

### नुक्कड़ नाटक और गीतों से दी गई सुरक्षा की सीख

करंट क्राइम : रामलीला मैदान पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में पुलिस और सिविल डिफेंस टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसमें सड़क हादसों के कारणों और उनके बचाव को प्रभावी तरीके से दर्शाया गया। सिंगर मासूम शर्मा और कबड्डी खिलाड़ी राहुल चौधरी ने मंच से कहा—हेलमेट और सीटबेल्ट जीवन की सुरक्षा कवच हैं, इन्हें हर हाल में अपनाएं।

### जनप्रतिनिधियों ने की पहल की सराहना

करंट क्राइम। सांसद अतुल गर्ग, महापौर सुनीता दयाल और विधायकों ने पुलिस कमिश्नरेट द्वारा आयोजित इस जागरूकता कार्यक्रम की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि शहर की सुरक्षा और नागरिकों की जान की रक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन अत्यंत आवश्यक है। इस वॉकथॉन के जरिए गाजियाबाद पुलिस ने यह स्पष्ट संदेश दिया गया है कि हेलमेट और सीटबेल्ट अवश्य लगाएं। तेज गति से वाहन न चलाएं। शराब पीकर वाहन चलाना जानलेवा है। सड़क सुरक्षा सबकी जिम्मेदारी है। ट्रैफिक नियमों का पालन जीवन रक्षा का संकल्प है।



# नई सरकार के गठन की प्रक्रिया तेज
# बिहार में 19 या 20 नवंबर को होगा शपथ ग्रहण समारोह !



**पटना।** बिहार में नई सरकार के गठन का काउंटडाउन शुरू हो गया है। 18वीं विधानसभा से जुड़ी अधिसूचना आज जारी होगी। सोमवार से पूरी प्रक्रिया आधिकारिक तौर पर तेज होने जा रही है। इसी के साथ विधानसभा चुनाव को लेकर लागू आदर्श आचार संहिता भी खत्म हो जाएगी। वहीं, पटना के गांधी मैदान में शपथ कार्यक्रम की तैयारियां तेज हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे, जिसके आधार पर 19 या 20 नवंबर की तारीख लगभग तय मानी जा रही है।

चुनाव आयोग आज बिहार के राज्यपाल को 18वीं विधानसभा के परिणामों की औपचारिक जानकारी देगा। इसी अधिसूचना के साथ विधानसभा चुनाव को लेकर लागू आदर्श आचार संहिता भी समाप्त हो जाएगी। सोमवार को नीतीश कुमार अपने कैबिनेट की बैठक करेंगे।

इस बैठक में 17वीं विधानसभा को भंग करने का प्रस्ताव पास किया जाएगा। इसके बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्यपाल से मिलकर अपना इस्तीफा सौंपेंगे। यह इस्तीफा नई सरकार का रास्ता साफ करेगा।

**एनडीए की बैठक में कौन बनेगा नेता? :** नीतीश कुमार के इस्तीफे के बाद एनडीए के सभी घटक दलों की विधानमंडल दल की बैठकें होंगी। इन बैठकों में एनडीए का नेता चुना जाएगा। एनडीए का नेता चुने जाने के बाद राज्यपाल के पास सरकार बनाने का दावा पेश किया जाएगा।

**गांधी मैदान में तैयारियां तेज :** पटना के गांधी मैदान में शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां जोरों पर हैं। मंच, सुरक्षा, वीआईपी बैठने की व्यवस्था से लेकर भीड़ प्रबंधन तक पर सभी एजेंसियां हाई अलर्ट मोड पर हैं।

### पीएम मोदी और कई राज्यों के सीएम होंगे मौजूद

शपथ समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शामिल होने की पुष्टि लगभग हो चुकी है। इसके साथ ही कई बीजेपी शासित राज्यों के मुख्यमंत्री भी पटना पहुंचेंगे। बड़ी संख्या में अतिथियों, मंत्रियों और केंद्र सरकार के शीर्ष नेताओं की मौजूदगी को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था भी बढ़ाई जा रही है। पीएम मोदी का अंतिम शेड्यूल तय होने के बाद 19 या 20 नवंबर को शपथ ग्रहण समारोह होने की सबसे ज्यादा संभावना है।

# चुनावी हार के बाद तेजस्वी यादव ने पटना में बुलाई समीक्षा बैठक

**बिहार चुनाव में मिली अप्रत्याशित हार के बाद राष्ट्रीय जनता दल में मंथन का दौर शुरू हो गया है। पार्टी की सीटों का 75 से घटकर 25 पर सिमट जाना तेजस्वी यादव के लिए एक बड़ा झटका है।**



**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में मिली बड़ी हार के बाद राष्ट्रीय जनता दल ने अब आत्ममंथन की तैयारी शुरू कर दी है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने सोमवार (17 नवंबर) को अपने आवास एक पोलो रोड पर पार्टी विधायकों और सभी राजद उम्मीदवारों की अहम बैठक बुलाई है। यह बैठक चुनाव परिणामों की गहन समीक्षा, गलतियों की पहचान और आगे की रणनीति तय करने के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है इस बीच आरजेडी ने पार्टी की हार की समीक्षा के बीच यह संदेश दिया है कि राजद गरीबों के बीच गरीबों की आवाज बुलंद करता रहेगा।

### चुनावों में महागठबंधन की अप्रत्याशित गिरावट

बता दें कि बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन में शामिल राजद के साथ कांग्रेस और वाम दलों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के संयुक्त अभियान के बावजूद महागठबंधन कुल 35 सीटों पर सिमट गया।

यह परिणाम आरजेडी के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे महागठबंधन के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। वहीं, दूसरी ओर एनडीए ने ऐतिहासिक प्रदर्शन किया और कुल 202 सीटें जीतकर स्पष्ट बहुमत हासिल किया। एनडीए के घटक दलों में भाजपा को 89, जदयू को 85, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) को 19, हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) को 5 और राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) को 4 सीटें मिलीं।

2020 के मुकाबले एनडीए को इस बार 77 सीटों का फायदा हुआ। भाजपा और जदयू दोनों ने अपने-अपने संगठन को फिर से मजबूती से खड़ा करते हुए चुनावी मैदान में बेहतर प्रदर्शन किया।

वहीं दूसरी ओर आरजेडी अपनी परंपरागत सीटों पर भी संघर्ष करती दिखी। कई बड़े चेहरे हारे और ग्रामीण बेल्ट में पार्टी की पकड़ कमजोर पड़ती नजर आई। आरजेडी के भीतर अब यह सवाल उठ रहा है कि क्या उम्मीदवारों के चयन, चुनावी रणनीति या नेतृत्व की दिशा में कहीं बड़ी चूक हुई।

17 नवंबर को होने वाली बैठक इस संदर्भ में बेहद अहम होगी, क्योंकि तेजस्वी यादव सभी उम्मीदवारों से फीडबैक लेने वाले हैं कि असल कारण क्या रहे जिससे जनता ने उन्हें नकार दिया।

# दिल्ली ब्लास्ट के बाद लाल किला मेट्रो स्टेशन खोला गया, सभी गेट हुए चालू



**दिल्ली में 10 नवंबर के बम धमाके के बाद बंद किया गया लाल किला मेट्रो स्टेशन अब दोबारा खोल दिया गया है और डीएमआरसी ने सभी गेट संचालन के लिए खोलने की जानकारी दी है।**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 10 नवंबर के बम धमाके के बाद बंद किया गया लाल किला मेट्रो स्टेशन अब दोबारा खोल दिया गया है और डीएमआरसी ने सभी गेट संचालन के लिए खोलने की जानकारी दी है। इसी बीच ब्लास्ट जांच में बड़ा खुलासा हुआ है–मौके से 9 कैलिबर के दो जिंदा और एक खाली कारतूस मिले हैं।

दिल्ली में सुरक्षा कारणों से बंद किया गया लाल किला मेट्रो स्टेशन अब पूरी तरह खोल दिया गया है। डीएमआरसी ने ट्वीट कर बताया कि स्टेशन के सभी गेट को संचालन के लिए खोल दिया गया है। आज गेट नंबर 1 और 4 को खोला गया, जबकि गेट नंबर 2 और 3 कल ही खोल दिए गए थे।

**10 नवंबर को बंद किया गया था स्टेशन :** 10 नवंबर को दिल्ली बम धमाके के बाद यह स्टेशन एहतियातन बंद कर दिया गया था। वहीं दूसरी तरफ, लाल किला ब्लास्ट मामले में एक और अहम खुलासा हुआ है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक धमाके वाली जगह से 9 कैलिबर के तीन कारतूस मिले हैं। इनमें से दो जिंदा कारतूस हैं, जबकि एक खाली खोखा मिला है।

### आम नागरिक इस्तेमाल नहीं करते 9एमएम पिस्टल

यह हथियार आम लोग इस्तेमाल नहीं कर सकते और आमतौर पर सुरक्षा बल या पुलिसकर्मी ही 9एमएम पिस्टल का उपयोग करते हैं।

सबसे बड़ी बात यह है कि मौके से न तो कोई पिस्टल मिली और न उसका कोई हिस्सा। यानी कारतूस मौजूद हैं, लेकिन उन्हें चलाने वाला हथियार अब तक गायब है।

**पुलिस के कारतूस मिसिंग नहीं :** पुलिस ने मौके पर मौजूद अपने स्टाफ के हथियार और कारतूस की जांच भी करवाई, लेकिन किसी पुलिसकर्मी के कारतूस मिसिंग नहीं पाए गए। अब पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि ये कारतूस वहां पहुंचे कैसे- क्या ये ब्लास्ट के बाद 20 कार से गिरे, या इसके पीछे कोई और वजह है। कारतूसों की बरामदगी ने जांच एजेंसियों के सामने नए सवाल खड़े कर दिए हैं।

# दिल्ली में 6 एंटी स्मॉग गन करेंगी प्रदूषण पर वार

## आनंद विहार के लिए व्यवस्था, खर्च होंगे 58 लाख




**नई दिल्ली।** राजधानी के सबसे व्यस्त आनंद विहार बस अड्डे पर प्रदूषण से जंग के लिए छह एंटी स्मॉग गन तैनात की जाएंगी। इसके लिए ट्रांसपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (डीटीआईडीसी) की ओर से करीब 58 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। आनंद विहार बस अड्डा राजधानी में प्रदूषण का सबसे बड़ा हाटस्पॉट है। यहां रोजाना लाखों यात्रियों की आवाजाही होती है। एंटी स्मॉग गन लगने से लोगों को प्रदूषण से राहत मिलेगी।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक, यहां का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) आम दिनों में हमेशा 400 के पार रहता है जो गंभीर श्रेणी है। ये स्थिति लोगों के स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक है। शनिवार को यहां का एक्यूआई 421 दर्ज किया गया। बीते दिनों पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने आनंद विहार का दौरा किया था। उस दौरान उन्होंने मौके पर जाकर धूल नियंत्रण, ट्रैफिक प्रबंधन और सड़क मरम्मत के कामों का जायजा लिया था। साथ ही, उन्होंने डीपीसीसी की ओर से लगाए गए एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन की कार्यप्रणाली देखी थी और अधिकारियों से रिपोर्ट भी ली थी।

प्रदूषण की गंभीर स्थिति को देखते हुए शाहदरा दक्षिणी जोन ने आनंद विहार हॉटस्पॉट में प्रदूषण नियंत्रण के लिए 78 विशेष टीमें गठित की हैं।

## बम धमाके ने बिगाड़ी शादी सीजन की रौनक, व्यापार पर फेरा पानी
# दिल्ली में ग्राहक ई-शॉपिंग की ओर दौड़े

**त्योहार और शादी के सीजन में जहां आमतौर पर भारी भीड़ उमड़ती है, वहां सन्नाटा पसरा है। सदर बाजार के दुकानदारों का कहना है कि यह सीजन हमारे लिए पीक माना जाता है। हमें काफी उम्मीद थी कि इस बार भी अच्छी कमाई होगी लेकिन बीते दिन हुए बम धमाके की तेज आवाज ने बाजार की गति धीमी कर दी है।**




**नई दिल्ली।** लाल किले के पास सोमवार को हुए धमाके का असर चांदनी चौक, सदर बाजार और लाजपत नगर में साफ दिखाई दे रहा है। दहशत ऐसी है कि खरीदार मार्केट की भीड़ में घुसने के बजाय ऑनलाइन को प्राथमिकता दे रहे हैं।

त्योहार और शादी के सीजन में जहां आमतौर पर भारी भीड़ उमड़ती है, वहां सन्नाटा पसरा है। सदर बाजार के दुकानदारों का कहना है कि यह सीजन हमारे लिए पीक माना जाता है। हमें काफी उम्मीद थी कि इस बार भी अच्छी कमाई होगी लेकिन बीते दिन हुए बम धमाके की तेज आवाज ने बाजार की गति धीमी कर दी है। नवंबर से शादी की खरीदारी शुरू हो जाती है। दूसरे राज्यों से थोक खरीदार और ग्राहक यहां से लाखों की खरीदारी करते हैं लेकिन विस्फोट के बाद पूरा बाजार ठप है। बाजार व्हाट्सएप पर टिका है। करीब 75% फीसदी कारोबार का नुकसान हुआ है। शादियों के सीजन में चांदनी चौक बाजार में करोड़ों का व्यापार होता है लेकिन इस बार आतंकियों की ऐसी नजर लगी कि पूरा बाजार सूना है। इस सीजन में चांदनी चौक बाजार में खरीदार नजर ही नहीं आ रहे हैं। -यश गोयल, चांदनी चौक

### 1000 करोड़ का कारोबार प्रभावित

दिल्ली उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय महासचिव हेमंत गुप्ता के अनुसार दिल्ली के बाजारों का हाल सामान्य होने में यह सप्ताह भी जा सकता है। राज्य के आर्थिकी तंत्र को अभी तक दो दिन में आतंकी धमाके ने करीब एक हजार करोड़ रुपये प्रभावित किया है। दिल्ली पूरे उत्तर भारत का प्रमुख थोक बाजार है। चैंबर आफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) के चेयरमैन बृजेश गोयल आशंका जताते हुए कहा कि जैसा माहौल उससे लगता है कि यह प्रभाव 5,000 करोड़ रुपये से अधिक का हो सकता है। धमाका स्थल से चंद फीट की दूरी पर स्थित लाजपत राय मार्केट की 800 से अधिक दुकानें अभी तक बंद हैं। भागीरथ पैलेस, चांदनी चौक, खारी बावली, दरीबा, नई सड़क, नया बाजार व सदर बाजार में तीसरे दिन भी खरीदार नाम मात्र के हैं।

# एटीएस ने संदिग्ध आतंकी सुहेल के घर डेढ़ घंटे तक की छानबीन





**लखीमपुर खीरी।** दिल्ली में धमाके से पहले गुजरात में पकड़े गए संदिग्ध आतंकी सुहेल के मामले में भी जांच तेज हो गई है। शनिवार को गुजरात एटीएस की छह सदस्यीय टीम लखीमपुर खीरी के सिंगाही कस्बे में पहुंची। टीम ने सुहेल के घर में तकरीबन डेढ़ घंटे तक छानबीन की। सुहेल के घर से कलमा लिखा काला कपड़ा और अलग-अलग तरह के साहित्य मिले हैं, जिसे जब्त किया गया।

एटीएस सबसे पहले सिंगाही थाने आई, जहां औपचारिकताएं पूरी करने के बाद थाना प्रभारी अजीत कुमार के साथ मोहल्ला झाला वार्ड नंबर एक स्थित सुहेल के घर पहुंची। टीम दोपहर 2:48 बजे सुहेल के घर में दाखिल हुई और शाम को 4:20 बजे बाहर निकली। इस दौरान घर के हर हिस्से की बारीकी से जांच की गई। सुहेल के भाई वसीम के मुताबिक, एटीएस के अधिकारी घर से एक काला कपड़ा ले गए, जिस पर उर्दू में कलमा लिखा था। सुहेल के कुछ गर्म कपड़े भी टीम साथ ले गई। परिजनों ने इससे ज्यादा जानकारी देने से इन्कार कर दिया।

**महिलाओं से अलग कमरे में की गई पूछताछ :** सूत्रों के अनुसार एटीएस टीम ने घर की महिलाओं से अलग कमरे में पूछताछ की। अधिकारियों ने सुहेल की पढ़ाई, उसके संपर्कों, गतिविधियों और पिछले कुछ महीनों में आए बदलावों से जुड़ी जानकारी जुटाई। घर में मौजूद कुछ दस्तावेजों और मोबाइल फोन की भी जांच की गई। एटीएम टीम की मौजूदगी की खबर फैलते ही घर के बाहर लोगों की भीड़ जुट गई। हालांकि पुलिस ने किसी को भी पास नहीं आने दिया। स्थानीय पुलिस पूरे समय मौके पर मुस्तैद रही और एटीएस को सहयोग देती रही।

**गुजरात से हुई थी संदिग्ध अतंकी सुहेल की गिरफ्तारी**

एसपी संकल्प शर्मा ने बताया कि गुजरात एटीएस की टीम आई थी। सुहेल के परिजनों से पूछताछ करके लौट गई। परिजनों ने क्या बताया, इसकी जानकारी जानकारी टीम ने साझा नहीं की है।

सिंगाही के वार्ड नंबर एक निवासी ट्रैक्टर मिस्त्री सलीम का बेटा सुहेल खां तीन वर्ष पहले हाफिज की पढ़ाई करने मुजफ्फरनगर गया था। बताया जा रहा है कि वह 15 दिन पूर्व गुजरात गया था। वहां गुजरात एटीएस ने आठ नवंबर को सुहेल को गिरफ्तार किया था। उस पर आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप है।

# हाईवे पर मचा हाहाकार! ट्रक-टेंपो की भिड़ंत में छह श्रद्धालुओं की दर्दनाक मौत, 14 घायल



**जोधपुर।** जोधपुर-जैसलमेर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। बालेसर थाना क्षेत्र में रामदेवरा दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं से भरा टेंपो सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक से जा भिड़ा। भीषण टक्कर में 6 श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि महिलाओं और बच्चों समेत 14 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों का उपचार एमडीएम अस्पताल, जोधपुर में चल रहा है। मृतक और घायल सभी गुजरात के साबरकांठा जिले के रहने वाले बताए जा रहे हैं।

हादसा सुबह करीब 5:30 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग-125 पर खारी बेरी गांव के पास हुआ। बालेसर थाना प्रभारी मूल सिंह भाटी ने बताया कि बाजरे की बोरियों से भरा ट्रक तेज गति में अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे टेंपो से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि टेंपो का अगला हिस्सा पूरी तरह से चकनाचूर हो गया, जबकि ट्रक भी आगे जाकर पलट गया।

टेंपो में आगे बैठे महेंद्र ने बताया कि सभी श्रद्धालु गुजरात के साबरकांठा जिले से रामदेवरा के दर्शन के लिए निकले थे। हादसे के बाद तीन श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो ने जोधपुर में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। दुर्घटना के तुरंत बाद हाईवे से गुजर रहे वाहन चालकों ने अपने वाहन रोककर घायलों की मदद की और पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी। बालेसर, आगोलाई और हाईवे सेवा की तीन एंबुलेंस तुरंत मौके पर पहुंचीं।

# बिहार चुनाव परिणाम के बाद लालू यादव परिवार पर आया संकट अपार

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव का परिणाम आने के अगले दिन लालू प्रसाद यादव के परिवार में त्रासदी की बड़ी तस्वीर सामने आई। लालू यादव परिवार में दूसरे नंबर की बेटी रोहिणी आचार्य ने पहले कहा कि उन्होंने परिवार छोड़ दिया। पार्टी छोड़ दी।



फिर पटना से निकलते समय कहा कि मुझे परिवार से निकाल दिया। तेजस्वी यादव के दो करीबियों का नाम लेकर कहा कि उनके बारे में बोलने पर चप्पल उठाई जाती है। अब, आज सोशल मीडिया पर लिखा कि मुझपर चप्पल उठाई गई। लेकिन, क्या बात बिहार चुनाव परिणाम आने के बाद शुरू हुई? बिल्कुल नहीं। यह हंगामा 2024 की शुरूआत में ही शुरू हो गया था। जमीन तो उससे पहले बन गई थी। आइए, जानते हैं कि लालू परिवार पर संकट अपार... की शुरूआत कैसे हुई?

लालू प्रसाद जब मुख्य धारा में शीर्ष पर थे, तब उनकी पत्नी राबड़ी देवी के भाई साधु यादव और सुभाष यादव का जलवा था।

# हार्ट अटैक वाले मरीजों को निशुल्क लगेगा 40 हजार का इंजेक्शन, जिला अस्पताल और सीएचसी में भी मिलेगी सुविधा



**लखनऊ।** यूपी में स्वास्थ्य विभाग हार्ट अटैक के मरीजों को बचाने के लिए नई रणनीति अपना रहा है। अब सभी मेडिकल कॉलेजों, जिला अस्पतालों एवं प्रमुख सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में निशुल्क इंजेक्शन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। यह इंजेक्शन बाजार में करीब 40 से 50 हजार रुपये में मिलता है। अभी तक इसे कुछ चुनिंदा अस्पतालों में उपलब्ध कराया गया था, लेकिन अब प्रदेश के सभी मुख्य चिकित्साधिकारियों को इस इंजेक्शन की व्यवस्था रखने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रदेश के हर अस्पताल में हार्ट अटैक के बाद मरीज पहुंचते हैं। इन्हें जब तक कार्डियोलॉजी विभाग तक पहुंचाया जाता है तब तक काफी देर हो जाती है। ऐसे में तय किया गया कि अटैक के मरीज को इमरजेंसी में आने पर तत्काल टेनेक्टेप्लाज या स्ट्रेप्टोकाइनेज का इंजेक्शन लगाया जाएगा। इस इंजेक्शन के लगने से अटैक के बाद खून का थक्का नहीं जमता है। इंजेक्शन लगने के बाद मरीज को सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों में रेफर किया जाए। इससे मरीज की जान बचाने में सहूलियत होगी।

पहले चरण में यह व्यवस्था हब एंड स्पोक मॉडल के तहत केजीएमयू, लोहिया संस्थान, एसडीपीजीआई के साथ ही वाराणसी के बीएचयू, आयुर्विज्ञान संस्थान सैफई, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, एमएलएन मेडिकल कॉलेज प्रयागराज की इमरजेंसी में शुरू की गई। अब इसे सभी जिला अस्पतालों में भी उपलब्ध कराया जा रहा है। जिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में ईसीजी व अन्य जांच की सुविधाएं हैं, वहां भी यह सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. रतनपाल सिंह सुमन ने बताया कि सभी मुख्य चिकित्साधिकारियों को जिला अस्पतालों में टेनेक्टेप्लाज या स्ट्रेप्टोकाइनेज के इंजेक्शन का इंतजाम रखने का निर्देश दिया गया है। इस इंजेक्शन के लगाने से हार्ट अटैक के बाद भी गंभीर स्थिति होने से बचाया जा सकता है। इंजेक्शन लगाने के बाद मरीज को उच्च चिकित्सा संस्थानों में रेफर कर दिया जाता है। महानिदेशक प्रशिक्षण डॉ. पवन कुमार अरुण ने बताया कि पहले चरण में कुछ सात मेडिकल कॉलेजों एवं कुछ जिला अस्पताल की इमरजेंसी में इंजेक्शन को निशुल्क उपलब्ध कराया गया है। इसके फायदे को देखते हुए अब पूरे प्रदेश में इंजेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...

03 ● नई दिल्ली। सोमवार 17 नवम्बर -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम | ट्वीट का कंट




# हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में जुड़ना चाहिए, बोगस नाम हटना ही चाहिए : धर्मपाल सिंह



**मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया लोकतांत्रिक जागरूकता का व्यापक अभियान है, जिसमें यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता बनने से वंचित न रहे और कोई भी फर्जी नाम सूची में न बना रहे।**
**धर्मपाल सिंह**
**प्रदेश संगठन महामंत्री**






**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम स्थित रॉयल पार्क फार्म हाउस में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने एसआईआर प्रक्रिया में संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता को पूर्ण निष्ठा और सक्रियता के साथ जुटकर सभी पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने तथा बोगस नाम हटवाने का कार्य प्राथमिकता से करना है। वे बीएलए-1, मंडल अध्यक्षों एवं मॉनिटरिंग टीम की जिला और महानगर की संयुक्त बैठक को संबोधित कर रहे थे। यह बैठक ।

धर्मपाल सिंह ने कहा कि मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया लोकतांत्रिक जागरूकता का व्यापक अभियान है, जिसमें यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता बनने से वंचित न रहे और कोई भी फर्जी नाम सूची में न बना रहे। उन्होंने बताया कि जिला व विधानसभा स्तर पर वॉर रूम तैयार किए गए हैं, जो प्रदेश स्तर के वॉर रूम से तकनीकी रूप से जुड़े रहेंगे।

उन्होंने कहा कि संगठनात्मक तालमेल और सतत तकनीकी निगरानी से यह अभियान जन-जन तक प्रभावी रूप से पहुँचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा स्तर पर बीएलए-1 और बूथ स्तर पर बीएलए-2 को आपसी समन्वय के साथ कार्य करना है।

इनके साथ नियुक्त बूथ प्रवासी भी रणनीतिक भूमिका निभाएँगे। सभी मिलकर बूथ अध्यक्ष के साथ तालमेल बनाते हुए बूथ स्तर पर सत्यापन, संपर्क और सूचनाओं के आदान-प्रदान की प्रक्रिया को तेजी और गंभीरता के साथ आगे बढ़ाएँगे। उन्होंने कहा कि इस सुव्यवस्थित व्यवस्था से अभियान को गति, विश्वसनीयता और पूर्ण पारदर्शिता प्राप्त होगी।

### मतदाता पुनरीक्षण जरूरी अभियान : सतेन्द्र सिसोदिया

करंट क्राइम। क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसोदिया ने कहा कि मतदाता पुनरीक्षण लोकतांत्रिक मजबूती का अत्यंत महत्वपूर्ण अभियान है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता, पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि इस अभियान में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें, ताकि मतदाता सूची पूर्णत: प्रमाणित, सत्यापित और त्रुटिहीन तैयार हो सके। प्रमाणित मतदाता सूची मजबूत लोकतंत्र की बुनियाद है। उन्होंने बताया कि बूथ स्तर पर सूक्ष्मता और जिम्मेदारी के साथ किया गया सत्यापन आगामी चुनावों में भाजपा की संगठनात्मक ताकत को और अधिक मजबूत करेगा।

### मतदाता पुनरीक्षण बैठक में गणमान्य लोग उपस्थित रहे



करंट क्राइम। बैठक में मुख्य रूप से कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी, भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी, सदर विधायक संजीव शर्मा, तथा मोदीनगर विधायक मंजू शिवाच, महानगर युवा मोर्चा अध्यक्ष सचिन टेढ़ा संदीप चौधरी मंडल अध्यक्षों में मंजुला गुप्ता विनीत त्यागी अध्यक्ष आलोक शर्मा विपिन डगर महिमा गुप्ता जीतू राय पंकज लड्डू कामेश्वर त्यागी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक के अंत में महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने सभी पदाधिकारियों, कार्यकताओं एवं जनप्रतिनिधियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### थानों की वर्किंग सुधारने के लिए पुलिस कमिश्नर का नया प्लान

# थाना प्रभारी रोज लेंगे स्टाफ की मीटिंग और देखेंगे वर्किंग की स्पीड



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने थानों की वर्किंग, जनता से संवाद और पुलिस की छवि को मजबूत करने के लिए एक नया वर्किंग मॉडल लागू किया है। पिछले छह महीनों में कमिश्नर द्वारा भाषा-शैली, पुलिस व्यवहार, त्वरित कार्रवाई और क्राइम कंट्रोल को लेकर कई सुधार किए गए। इन बदलावों से पुलिस कर्मियों के कामकाज से लेकर जनता के बीच पुलिस की छवि तक में सकारात्मक परिणाम देखने को मिले हैं।

इसी कड़ी में अब उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को ह्यवर्किंग प्लानह्ण बनाकर उसके सख्त अनुपालन का आदेश दिया है। यह प्लान थानों में रोजमर्रा की कार्यप्रणाली को सुव्यवस्थित करने और पुलिसकर्मियों की जिम्मेदारियों को स्पष्ट करने पर केंद्रित है। सीपी का मानना है कि अगर थाने की बेसिक वर्किंग मजबूत होगी तो अपराध नियंत्रण और जनता तक पुलिस सेवाओं की डिलीवरी दोनों बेहतर होंगी।

### हर दिन होगी थानों की वर्किंग की समीक्षा, अधूरे मामलों की होगी जांच

करंट क्राइम। नए आदेश के मुताबिक हर थाना प्रभारी रोजाना अपनी टीम के साथ समीक्षा बैठक करेगा। इस बैठक में सब-इंस्पेक्टर बीट पुलिसिंग स्टाफ, इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर थाने की ड्यूटी पर तैनात टीमें सभी की दैनिक वर्किंग रिपोर्ट की जांच होगी। बैठक का समय रात 6 से 8 बजे अनिवार्य किया गया है, ताकि पूरे दिन के काम का सही आकलन हो सके।इस दौरान इन बिंदुओं पर विशेष फोकस रहेगा। जिसमें थाने में लंबित मामलों की स्थिति, बीट पुलिसिंग की रिपोर्ट, अपराध नियंत्रण की कार्रवाई। जनता से प्राप्त शिकायतों का निस्तारण। पुलिस कर्मियों की कार्य गति (वर्किंग स्पीड)। कौन अधिकारी किस दायित्व में पीछे है—इसकी समीक्षा इसके साथ ही थाना प्रभारी अगले दिन के कामों की सूची भी तैयार करेगा और संबंधित अधिकारियों को टाइम-बाउंड टास्क दिए जाएंगे।उद्देश्य यह है कि पुलिसकर्मियों की वर्किंग में निरंतर सुधार हो और जनता को तेज, प्रभावी और पारदर्शी सेवा मिल सके।

### अपराध नियंत्रण और गुड गवर्नेंस—दोनों मोर्चों पर सक्रिय गाजियाबाद पुलिस, मासिक व त्रैमासिक समीक्षा भी होगी : सीपी

करंट क्राइम। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने कहा है कि गाजियाबाद पुलिस जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है।



क्राइम ब्रांच और एसओजी लगातार अपराधियों पर कार्रवाई कर रही हैं। लूटपाट, मोबाइल स्नैचिंग, गैंग और संगठित अपराध के खिलाफ ऑपरेशन लंगड़ा जैसी कार्रवाइयों से अपराधियों पर दबाव बढ़ा है। जनता को गुड गवर्नेंस देने के लिए थानों में व्यवहार, रिस्पॉन्स टाइम, केस निस्तारण और शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई को प्राथमिकता दी जा रही है।कमिश्नर ने यह भी स्पष्ट किया है कि रोजाना होने वाली समीक्षा मासिक व त्रैमासिक निरीक्षण, थानों की परफॉर्मेंस रिपोर्ट। इन सभी को वे स्वयं मॉनिटर करेंगे, ताकि पूरे जिले में पुलिसिंग का स्तर निरंतर बेहतर रहे। इस नई कार्यप्रणाली का लक्ष्य है कि गाजियाबाद में अपराध नियंत्रण और जनता की सुरक्षा को नई गति मिले और पुलिस-जनता के बीच भरोसा और मजबूत हो।

# कौन भाजपा पार्षद बोला हमारी अपनी सरकार में हम नहीं करा पा रहे विकास

## कांग्रेस वाला पार्षद सिर्फ छूता है पांव और पास हो जाता है उसका प्रस्ताव



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** योगी सरकार 2.0 चल रही है और कहानी वही चल रही है जो योगी सरकार 1.0 में चल रही थी। तब भी इसी बात को लेकर तकरार थी कि हमारी सरकार है और अधिकारी हमारी नहीं सुन रहे हैं। जो भी आता था उसके सामने यही गुहार लगाई जाती थी। सरकार रिपीट हुई है और कहानी अब भी वही है। सरकार भी वही है और अब बस पीड़ा सुनाने के किरदार बदल गये हैं। अब देवतुल्य थाने ही नहीं जाते और अगर चले जायें और कोई ना सुनें तो वो बाहर आकर किसी को नहीं बताते। पहली सरकार में पार्षद विकास को लेकर इतनी शिकायत नहीं कर रहे थे लेकिन अब तो जोपहले विकास का बीड़ा उठा रहे थे वाले अब अपनी पीड़ा बता रहे हैं। अब सरकार वाले पार्षद का दर्द ये है कि प्रदेश में सरकार हमारी है और निगम में बहुमत हमारा है, मगर इसके बावजूद हम अपने मौहल्लों में विकास कराने के लिए ईधर से उधर भटक रहे हैं। वो बता रहे हैं कि जो काम विपक्ष के साथ होना चाहिए, वो काम हमारे साथ हो रहा है और जो काम हमारे साथ होना चाहिए वो सम्मान विपक्ष वालों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हम बहुमत में हैं और हमारी सुन कोई नहीं रहा। वो गिनती के तीन हैं मगर क्या गजब का सीन है। उनके एक पार्षद अगर नगर निगम आ जायें तो जई से लेकर अफसर तक उन्हें अपने पास बैठाते हैं, उन्हें चाय पिलाते हैं और अगर उन्होंने किसी पर हाथ रख दिया और उसके लिए कुछ कह दिया तो तुरंत उस पर अमल होता है। भाजपा का पार्षद इसके बाद बोला कि हम तो कोई पर्सनल काम लेकर भी नहीं जा रहे हैं मगर इसके बावजूद हमारी राह में रोड़े आ रहे हैं। उसने कांग्रेस वाले वार्ड का जिक्र किया और कहा कि वो हाथ वाले पार्षद केवल अपने हाथों को प्रस्ताव वालों के चरणों तक ले जाते हैं और उनकी बात बन जाती है। उन्होंने बताया कि हाथ वाले पार्षद के वार्ड में हमारे वार्ड से ज्यादा विकास का काम हो रहा है।

हमारे प्रस्तावों को इस कान से सुनकर उस कान से निकाल दिया जाता है मगर हाथवाला अगर प्रस्ताव रख दे तो वो तत्काल पास हो जाता है। उन्होंने कांग्रेस वाले वार्ड में हो रहे विकास कार्यों की लिस्ट एक सांस में गिना दी। उसके बाद ये भी बात बता दी कि हमने सड़क से लेकर पार्क तक ये प्रस्ताव रखे थे और एक भी प्रस्ताव पर काम नहीं हुआ। भाजपा पार्षद ने ये भी कहा कि केवल मेरा नहीं मेरे अड़ौस और पड़ौस के भाजपा वाले वार्डों में विकास के कई प्रस्ताव फाइलों में अटक गये हैं। हम अगर प्रस्ताव रखते हैं या लाइट से लेकर सड़क की कोई डिमांड रखते हैं तो हमें कह दिया जाता है कि निगम के खजाने में अभी फंड नहीं है।

# 24 घंटे के ट्रैफिक जाम से नया गंज-रमतेराम रोड के निवासियों की जिंदगी बेहाल : उपेंद्र गोयल

## प्रशासन की उदासीनता और पुलिस की लापरवाही ने लोगों का जीना किया मुश्किल





प्रतीकात्मक चित्र

**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** नया गंज-रमतेराम रोड पर लगातार लगने वाले 24 घंटे के ट्रैफिक जाम ने स्थानीय निवासियों का जीवन नारकीय बना दिया है। लोगों का कहना है कि लंबे समय से समस्या बढ़ती जा रही है, लेकिन प्रशासन और पुलिस कमिश्नरेट की उदासीनता के कारण अब हालात असहनीय हो चुके हैं। स्थानीय निवासियों के अनुसार सड़क किनारे दुकानदारों की खुली मनमानी, फुटपाथ पर कब्जा, सामान का उतार-चढ़ाव और ग्राहकों द्वारा सड़क को पर्सनल पार्किंग बना देने से मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध रहता है। कई बार शिकायतों के बावजूद न तो कोई कार्रवाई की गई और न ही व्यवस्था सुधारने के लिए कोई कदम उठाया गया।

नया गंज रेजिडेंट्स वेल्फेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष उपेंद्र गोयल ने कहा कि प्रशासन को कई बार लिखित और मौखिक रूप से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन लगता है कि फाइलें सिर्फ टेबल बदल रही हैं—सड़क की स्थिति नहीं। लोग रोज जाम में फंसकर घंटों बर्बाद करते हैं, एंबुलेंस तक आसानी से नहीं निकल पाती, मगर जिम्मेदार विभागों ने जैसे आँखें मूंद रखी हैं।

उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जिला प्रशासन, नगर निगम, ट्रैफिक पुलिस और पुलिस कमिश्नरेट से तत्काल प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। गोयल ने कहा कि लोग किसी सुविधा की मांग नहीं कर रहे—सिर्फ यह चाहते हैं कि सरकार और पुलिस सड़क को सड़क रहने दें, पार्किंग या बाजार नहीं।

स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि समय रहते कड़ी कार्रवाई नहीं हुई, तो सड़क पर अराजकता और बढ़ेगी। फिलहाल स्थिति ऐसी है कि नया गंज-रमतेराम रोड का जाम 24 घंटे का स्थायी संकट बन गया है और प्रशासन की निष्क्रियता ने लोगों को परेशानियों के दलदल में धकेल दिया है।

# गणना-प्रपत्र के लिए निर्वाचन आयोग ने जारी किए नए निर्देश मतदाताओं के जन्म-प्रमाणों का सत्यापन अनिवार्य

**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** भारत निर्वाचन आयोग ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के दौरान मतदाता सत्यापन को और मजबूत बनाने के लिए गणना-प्रपत्र से संबंधित महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए हैं। आयोग ने कहा है कि सभी मतदाता hpps://voters.eci.gov.in पोर्टल पर जाकर मतदाता सूची में अपना तथा परिवार के सदस्यों का नाम अवश्य जांचें और उपलब्ध विवरण गणना-प्रपत्र में सही-सही भरें। सहायता के लिए मतदाता अपने संबंधित बूथ लेवल अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।



प्रतीकात्मक चित्र

निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उन मतदाताओं को नोटिस भेजेंगे, जिनका विवरण या तो मतदाता सूची में उपलब्ध नहीं है या फिर डेटाबेस से मेल नहीं खाता। नोटिस प्राप्त होने के बाद मतदाता को अपनी जन्म-तिथि और जन्म-स्थान से जुड़े प्रमाण आयु-श्रेणी के अनुसार प्रस्तुत करने होंगे। इसके लिए 01 जुलाई 1987 से पहले जन्मे, 01 जुलाई 1987 से 02 दिसंबर 2004 के बीच जन्मे, तथा 02 दिसंबर 2004 के बाद जन्मे मतदाताओं के लिए अलग-अलग दस्तावेज तय किए गए हैं।

यदि किसी मतदाता के माता-पिता में से कोई भारतीय नागरिक न हो, तो जन्म के समय उनके वैध पासपोर्ट और वीजा की प्रति जमा करनी होगी। विदेश में जन्म होने की स्थिति में भारतीय मिशन द्वारा जारी जन्म पंजीकरण प्रमाण आवश्यक होगा। पंजीकरण या नागरिकीकरण के आधार पर नागरिकता प्राप्त करने वालों को संबंधित प्रमाण-पत्र देना अनिवार्य रहेगा। आयोग ने दस्तावेजों की एक सांकेतिक सूची भी जारी की है, जिसमें सरकारी पहचान पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, स्थायी निवास प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, परिवार रजिस्टर, भूमि/मकान आवंटन पत्र, एनआरसी अभिलेख तथा बिहार रक्क्ष मतदाता सूची का अंश शामिल है। सभी अभिलेख मतदाता द्वारा स्व-सत्यापित रूप से जमा किए जाने होंगे।

निर्वाचन आयोग का कहना है कि ये दिशा-निर्देश देशभर में मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करने और सत्यापन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाने के लिए लागू किए गए हैं।

# भाजपा महिला जिला प्रतिनिधि ने मंडल अध्यक्ष पर लगाया अभद्रता का आरोप

## क्षेत्रीय नेतृत्व को सौंपा गया शिकायती पत्र, जांच की मांग

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** भाजपा की एक विधानसभा सीट की जिला प्रतिनिधि ने पार्टी के क्षेत्रीय नेतृत्व को एक शिकायती पत्र सौंपा कर मंडल अध्यक्ष पर कार्यक्रम के दौरान अभद्रता एवं अनुचित व्यवहार का आरोप लगाया है।

शिकायत में उल्लेख किया गया है कि 15 नवंबर को सांसद खेल महोत्सव कार्यक्रम में उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया। साथ ही आरोप है कि गाली गलौज की स्थिति उत्पन्न हो गई। जिला प्रतिनिधि के अनुसार कार्यक्रम स्थल पर मीडियाकर्मियों के साथ ही स्थानीय लोग मौजूद थे। वहीं महिला कार्यकर्ताओं भी उनके साथ मौजूद थीं। इस घटना की जानकारी विधायक और महानगर अध्यक्ष को भी लगी बताई जा रही है। इसके साथ ही शिकायत पत्र में यह भी कहा गया है कि संबंधित मंडल अध्यक्ष पर पूर्व में भी कुछ प्रकरण दर्ज हैं और ऐसा व्यवहार संगठन की छवि को प्रभावित करता है।

पीड़ित महिला ने पत्र के माध्यम से पार्टी से उचित कार्रवाई की अपेक्षा भी जताई है। वहीं बताया जा रहा है कि यह पूरा मामला उच्च पदाधिकारियों तक पहुंच गया है। जिस पर आने वाले दिनों में कोई एक्शन और रिएक्शन भी देखने को मिल सकता है। कुल मिलाकर बता दें कि भारतीय जनता पार्टी इन दिनों तमाम कार्यक्रम कर रही है। जिसमें कई तरीके की ऊंच- नीच की घटनाएं सामने आ रही हैं।

## संपादकीय

# बिहार में ऐतिहासिक जनादेश

बिहार ने इस बार भाजपा-एनडीए को प्रचंड, ऐतिहासिक और अप्रत्याशित जनादेश दिया है। साबित हो गया कि नीतीश कुमार ही बिहार के सर्वोच्च नेता हैं। चुनाव नीतीश के नेतृत्व में ही लड़ा गया। यह नीतीश के राजनीतिक करियर की शानदार उपलब्धि है, क्योंकि जनता दल-यू ने 2020 की तुलना में लगभग दोगुनी सीटों पर बढ़त बनाई है। मतगणना के दिन सुबह 9.56 बजे भाजपा 69 और जद-यू 76 सीट पर आगे थीं। उसके बाद भी दोनों साथी दलों की बढ़त 71-71, 75-75, 79-79 बरकरार रही। क्या कमाल का जनादेश मिला है! अंततः भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। यदि अंतिम जनादेश यही रहा, तो भाजपा-एनडीए के पक्ष में अभूतपूर्व जनादेश होगा। एनडीए सबसे पहले 190 सीट पर आगे रहा, जबकि तब महागठबंधन 50 सीटों पर ही आगे था। कितना व्यापक फासला था! निश्चित है कि चुनावी मुकाबला एकतरफा साबित हुआ। भाजपा के चाणक्य एवं गृहमंत्री अमित शाह का आकलन भी 160 सीटों के आसपास का था, लेकिन नतीजे बंपर साबित हुए। आश्चर्य है कि नीतीश कुमार 20 लंबे साल तक सत्ता में रहे हैं, उसके बावजूद स्वीकार्य और प्रासंगिक साबित हुए हैं। हमने ऐसा ही विश्लेषण कुछ दिन पहले किया था कि नीतीश के विरुद्ध कोई नहीं है, लहर तो बहुत दूर की कौड़ी है। अब नीतीश को बिहार का नया ह्यजननायकव्व मानना चाहिए। यकीनन नीतीश उस जमात और पीढ़ी के ह्यअंतिम नेता हैं, जिसने जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में, संपूर्ण क्रांति के बैनर तले, राजनीति की शुरूआत की थी। जॉर्ज फर्नांडीज, शरद यादव, कपूरी ठाकुर, रामविलास पासवान आदि की पीढ़ी दिवंगत हो चुकी है, लालू यादव अस्वस्थ हैं, नीतीश ही शेष हैं, जिन्हें इस ऐतिहासिक जनादेश के बाद जननायक करार देना चाहिए। यह बिहार में नीतीश की स्वीकार्यता और प्रधानमंत्री मोदी की आम आदमी के बीच लोकप्रियता की ही प्रचंड जीत है। बिहार में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा-एनडीए ने यह लगातार, पांचवां चुनाव जीता है। शुरूआत 2014 के लोकसभा चुनाव से हुई थी। यह 2010 की भाजपा-एनडीए की आंधी, तूफान वाली जीत की पुनरावृत्ति भी है। सदन में विपक्ष का नेता चुनना भी कठिन लगता है। भाजपा-एनडीए जनादेश महज दस हजार महिलाओं के बंपर समर्थन का ही जनादेश नहीं है, बल्कि यह बिहार के अधिसंख्य अगड़ों-सवर्णों, पिछड़ों-अति पिछड़ों, दलितों-महादलितों, युवाओं-बुजुर्गों और यहां तक कि मुसलमानों का भी जनादेश है।

जाति, धर्म, जमात, नस्ल, लिंग आदि के पार जाकर एनडीए को वोट दिए गए हैं। बेशक यह स्वीप जनादेश है। बिल्कुल कल्पनातीत जनादेश है। यह संपादकीय लिखने तक एनडीए 206 और विपक्षी गठबंधन मात्र 30 सीटों पर बढ़त बनाए थे। भाजपा 95 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरी है, जबकि जद-यू की बढ़त 82 सीटों पर थी। चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (आर) ने भी 20 सीटों पर बढ़त बना कर अपना अमूल्य योगदान दिया है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- आइंस्टीन अपने विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा में असफल हो गये थे और उन्हें एक साल बाद फिर से आवेदन करना पड़ा।
- आइंस्टीन को सापेक्षता के लिए नोबेल पुरस्कार कभी नहीं मिला, बल्कि यह वास्तव में फोटोइलेक्ट्रिक प्रभाव के लिए मिला था।
- आइंस्टीन एक कम याद रखने के लिए प्रसिद्ध थे। वह नाम, तिथियां और फोन नंबर याद नहीं रख सकते थे।
- अल्बर्ट आइंस्टीन की आंखें न्यूयॉर्क शहर में आज भी एक सुरक्षित बॉक्स में राखी हुई हैं।
- अल्बर्ट आइंस्टीन की अपनी कोई कार नहीं थी और उन्होंने कभी नहीं सीखा कि कैसे ड्राइव करना है।
- अल्बर्ट आइंस्टीन मोजे पहनना पसंद नहीं करते थे। अल्बर्ट आइंस्टीन के मस्तिष्क में एक पेरिएटल लोब था जो औसत मस्तिष्क से 15% बड़ा था।
- आइंस्टीन की महान सफलता प्रयोगशाला के बजाय अपने सिर में किए गए दृश्य प्रयोगों से आई थी।
- आइंस्टीन एक बच्चे के रूप में एक धीमी शिक्षार्थी थे और बहुत धीरे से बात करते थे।

# ऊर्जा सुरक्षा फोकस: कोयला आयात बढ़ा एनटीपीसी के नए न्यूक्लियर प्लान तेज



**नई दिल्ली।** भारत अब ऊर्जा सुरक्षा की तरफ जोर दे रहा है। सितंबर में भारत में कोयले का आयात 13.54% बढ़कर 22.05 एमटी हो गया। वहीं गैर-कोकिंग कोयला 13.90 एमटी और इस्पात उद्योग के लिए जरूरी कोकिंग कोयला 4.50 एमटी रहा।

दूसरी ओर बिजली निमार्ता कंपनी एनटीपीसी देश में कई नए न्यूक्लियर पावर प्रोजेक्ट्स लगाने की योजना बना रही है। भारत में कोयला का आयात लगातार बढ़ता जा रहा है। ताजा रिपोर्ट की मानें तो बीते सितंबर के महीने में कोयले का आयात 13.54% बढ़कर 22.05 मिलियन टन (एमटी) हो गया है। त्योहारों से पहले बढ़ी मांग के चलते गैर-कोकिंग कोयले का आयात 13.90 एमटी और इस्पात उद्योग के लिए जरूरी कोकिंग कोयला 4.50 एमटी रहा। विशेषज्ञों का कहना है कि इस्पात और औद्योगिक कोयले की मजबूत मांग बिजली क्षेत्र की कमजोरी को पीछे छोड़ सकती है।

आंकड़ों के मुताबिक, गैर-कोकिंग कोयले का आयात इस साल सितंबर में 13.90 एमटी रहा, जो पिछले साल के 13.24 एमटी से थोड़ा ज्यादा है। वहीं, कोकिंग कोयले का आयात, जो इस्पात उद्योग के लिए जरूरी है, 4.50 एमटी रहा, जबकि पिछले साल यह 3.39 एमटी था।

### गैर-कोकिंग कोयले का आयात घटा, लेकिन कोकिंग कोयले में बढ़ोतरी

बता दें कि अप्रैल-सितंबर 2025 की अवधि में गैर-कोकिंग कोयले का आयात घटकर 86.06 टळ हो गया, जबकि कोकिंग कोयले का आयात बढ़कर 31.54 टळ हो गया। यह जानकारी एमजंक्शन सेवाएं ने दी है, जो टाटा स्टील और रअवछ की साझेदारी वाली बी2बी ई-कॉमर्स कंपनी है।

### एमजंक्शन की एमडी और सीईओ ने दी जानकारी

वहीं इस मामले में एमजंक्शन की एमडी और सीईओ विनया वर्मा ने कहा कि त्योहारों से पहले खरीदारों ने नए ऑर्डर लिए, जिससे आयात में बढ़ोतरी हुई। आगे चलकर इस्पात मिलों की सर्दियों में स्टॉकिंग की मांग कोकिंग कोयले के आयात को बढ़ाएगी। विशेषज्ञों का कहना है कि इस्पात और औद्योगिक कोयले की मजबूत मांग बिजली क्षेत्र की मौसमी कमजोरी को भी पीछे छोड़ सकती है।

### एनटीपीसी करेगा देश में नए न्यूक्लियर पावर प्रोजेक्ट्स का निर्माण

दूसरी ओर राज्यों की बिजली निमार्ता कंपनी एनटीपीसी देश में कई नए न्यूक्लियर पावर प्रोजेक्ट्स लगाने की योजना बना रही है। कंपनी 700 टह, 1,000 टह और 1,600 टह क्षमता वाले परमाणु ऊर्जा संयंत्र विकसित करेगी। इसका लक्ष्य 2047 तक भारत की प्रस्तावित 100 न्यूक्लियर क्षमता में 30% यानी 30 हिस्सेदारी हासिल करना है। ध्यान रहे कि एनटीपीसी फिलहाल गुजरात, मध्य प्रदेश, बिहार और आंध्र प्रदेश समेत कई राज्यों में भूमि विकल्पों का मूल्यांकन कर रही है। परमाणु परियोजनाओं की साइटें एटोमिक एनर्जी रेगुलेटरी बोर्ड द्वारा अनुमोदित होंगी। यूरेनियम संपत्तियों के अधिग्रहण की संभावनाओं की तलाश में एनटीपीसी इसके साथ ही कच्चे माल के मामले में कंपनी विदेशों में यूरेनियम संपत्तियों के अधिग्रहण की संभावनाओं को भी देख रही है।

# बजट 2026-27 तैयारियाँ तेज: वित्त मंत्री की प्री-बजट मीटिंग्स 18 नवंबर से



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इस हफ्ते आगामी बजट 2026-27 के इनपुट के लिए कई इंडस्ट्री के पक्षकारों के साथ प्री-बजट चर्चा करेंगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह बैठकें 18 नवंबर से शुरू होंगी और पहले दिन की बैठक में कैपिटल मार्केट, स्टार्टअप और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के प्रतिनिधि शामिल होंगे। 19 नवंबर को बातचीत बैंकिंग, फाइनेंशियल सर्विसेज और इंश्योरेंस (बीएफएसआई) और इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी इंडस्ट्री के प्रतिनिधियों से होगी।

वित्त मंत्री 20 नवंबर को हॉस्पिटैलिटी और टूरिज्म इंडस्ट्रीज के सदस्यों और कई लेबर यूनियन के साथ बैठके करेंगी।

इसके अलावा, इन्फ्रास्ट्रक्चर, एनर्जी और शहरी विकास के प्रतिनिधि वित्त मंत्री से 21 नवंबर को मुलाकात करेंगी। पिछले हफ्ते वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने देश के बड़े अर्थशास्त्रियों के साथ बैठक की थी। इस बैठक में मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन के साथ आर्थिक मामलों के विभाग (डीइए) से कई वरिष्ठ अधिकारी और कई अर्थशास्त्री शामिल हुए। वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा, केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज नई दिल्ली में आगामी केंद्रीय बजट 2026-27 के संबंध में प्रमुख अर्थशास्त्रियों के साथ पहले बजट-पूर्व चर्चा की अध्यक्षता की।

वित्त मंत्रालय ने आगे कहा, बैठक में आर्थिक मामलों के विभाग (डीईए) के सचिव और भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार के अलावा डीईए के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। वहीं, वित्त मंत्री ने बुधवार को तीसरी प्री-बजट बैठक की अध्यक्षता की और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के प्रतिनिधियों के साथ आगामी बजट के इनपुट के लिए चर्चा की।

# बायजूस की मूल कंपनी में विदेशी कर्ज को लेकर संग्राम



**नई दिल्ली।** बायजूस की मूल कंपनी टीएलपीएल में बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। निलंबित निदेशक बायजू रविन्द्रन ने एनसीएलटी में शिकायत की है कि प्रमुख कर्जदाता जीएलएएस ट्रस्ट एफडीआई के नाम पर अवैध विदेशी कर्ज (ईसीबी) दिलाने की कोशिश कर रहा है।

बायजूस की मूल कंपनी थिंक एंड लर्न प्राइवेट लिमिटेड (टीएलपीएल)में बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। निलंबित निदेशक बायजू रविन्द्रन ने एनसीएलटी का दरवाजा खटखटाते हुए आरोप लगाया है कि प्रमुख कर्जदाता जीएलएएस ट्रस्ट कंपनी विदेशी निवेश (एफडीआई) के नाम पर अवैध विदेशी कर्ज (ईसीबी) दिलाने की कोशिश कर रही है। उनका दावा है कि टीएलपीएल की आकाश राइट्स इश्यू में भागीदारी के लिए बनाया गया 100 करोड़ का सीसीडी समझौता एफईएमए और आईबीसी नियमों का खुला उल्लंघन है। मामले में बायजू रवींद्रन ने का कहना है कि यह सीसीडी सौदा भारतीय एफडीआई और एफईएमए नियमों का उल्लंघन करता है और असल में इसे विदेशी कर्ज (ईसीबी) जैसा बनाया गया है, जो पूरी तरह से प्रतिबंधित है।

बात अगर आरोपों की करें तो रवींद्रन का आरोप है कि सीसीडी को जानबूझकर एफडीआई जैसा दिखाया गया है, जबकि वह विदेशी कर्ज (ईसीबी) जैसा है।

### अब समझिए क्या पूरा मामला?

बता दें कि पूरे मामले में एईएसएल (आकाश) को सुप्रीम कोर्ट से राइट इश्यू की मंजूरी मिल गई है। वहीं टीएलपीएल, जिसके पास एईएसएल की लगभग 25.7% हिस्सेदारी है, को अपने हिस्से का राइट इश्यू भरने के लिए करीब 25.75 करोड़ चाहिए थे, लेकिन टीएलपीएल दिवालिया प्रक्रिया (सीआईआरपी) में है और उसके पास पैसे नहीं हैं। इसी वजह से जीएलएएस ट्रस्ट ने अपनी अमेरिकी सहायक कंपनी के जरिये टीएलपीएलृ को 100 करोड़ तक के सीसीडी जारी करने का प्रस्ताव दिया, ताकि पैसा जुटाया जा सके।

# महत्वपूर्ण खनिज सहयोग पर भारत, वेनेजुएला में नई तेजी



**नई दिल्ली।** वेनेजुएला ने भारत के साथ महत्वपूर्ण खनिज क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने और भारतीय निवेश आकर्षित करने की गहरी इच्छा जाहिर की है। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, यह प्रभावी चर्चा भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और वेनेजुएला के पारिस्थितिकी खनन विकास मंत्री हेक्टर सिल्वा की बैठक में हुई। बैठक के दौरान वेनेजुएला ने भारत के साथ तेल क्षेत्र के अलावा अन्य आर्थिक क्षेत्रों में भी सहयोग बढ़ाने का प्रस्ताव रखा। इसमें महत्वपूर्ण खनिजों में भागीदारी और भारतीय निवेश को आकर्षित करना शामिल है, जिससे दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं को गति मिल सकती है।

### संयुक्त समिति तंत्र को पुनर्जीवित करने पर सहमति

पीयूष गोयल ने भारत, वेनेजुएला संयुक्त समिति तंत्र को एक दशक बाद फिर से सक्रिय करने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि वेनेजुएला में ओएनजीसी की मौजूदा गतिविधियाँ खनन और अन्वेषण क्षेत्र में आगे बढ़ते सहयोग का आधार बन सकती हैं। साथ ही उन्होंने दवा व्यापार को आसान बनाने के लिए भारतीय फामाकोपिया को अपनाने और ऑटोमोबाइल क्षेत्र में साझेदारी के अवसरों पर भी ध्यान आकर्षित किया।

### आंध्र प्रदेश : लॉजिस्टिक्स में डिजिटल क्रांति का आगाज

मंत्रालय द्वारा साझा किए गए एक अलग बयान में बताया गया कि आंध्र प्रदेश सरकार, राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास निगम लिमिटेड और लॉजिस्टिक्स डेटा सर्विसेज लिमिटेड के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन हुआ। इसका उद्देश्य राज्य के लॉजिस्टिक्स नेटवर्क को माध्यम से पूरी तरह डिजिटल रूप देना है।

# जेम्स-ज्वेलरी निर्यात में बड़ी गिरावट, शादी व छुट्टी सीजन से सुधार की उम्मीद



**नई दिल्ली।** जेम्स एंड ज्वेलरी निर्यात और आयात में गिरावट की मुख्य वजह अमेरिकी टैरिफ के साथ अमेरिका, यूरोप और चीन में धीमी आर्थिक वृद्धि, ऊंची ब्याज दरों और सतर्क उपभोक्ता खर्च के कारण कमजोर होती मांग रही है। इन चुनौतियों के बावजूद घरेलू बाजार में आगामी शादी के मौसम और पश्चिमी बाजारों में छुट्टियों के मौसम से ऑर्डर और व्यापार गतिविधियों में सुधार होने की उम्मीद है।

जेम्स एंड ज्वेलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (जीजेईपीसी) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार अक्तूबर 2025 के महीने में जेम्स एंड ज्वेलरी का कुल सकल निर्यात 2168.05 मिलियन डॉलर (19172.890 करोड़ रुपये) रहा। यह पिछले साल की इसी अवधि के लिए 3122.52 मिलियन डॉलर (26237.1 करोड़ रुपये) की तुलना में (0.27 प्रतिशत -27 प्रतिशत की गिरावट) दिखा रहा है। वहीं आयात पर नजर डालें तो अक्तूबर 2025 के महीने में कुल सकल आयात 1276.8 मिलियन डॉलर (11299.6 करोड़ रुपये) है। यह पिछले वर्ष की इसी अवधि के लिए 1580.1 मिलियन डॉलर (136.26 करोड़ रुपये) की तुलना में (-) 19.2 प्रतिशत (रुपये में 14.89 प्रतिशत) की गिरावट देखी जा रही है। शादियों और छुट्टियों के मौसम में कारोबार बढ़ने की उम्मीद कामा ज्वेलरी के प्रबंध निदेशक कॉलिन शाह ने बताया कि पहले से लगाए गए टैरिफ का प्रभाव अब महसूस किया जा रहा है, जिससे लागत बढ़ गई है और खरीदारी कम हो गई है, जबकि निमार्ता त्योहारी सीजन के बाद की इंवेंट्री को एडजेस्ट कर रहे हैं।

### जेम्स एंड ज्वेलरी के आयात-निर्यात में गिरावट की वजह

जारी रिपोर्ट के अनुसार अक्तूबर में जेम्स एंड ज्वेलरी निर्यात और आयात में गिरावट की मुख्य वजह अमेरिकी टैरिफ के साथ अमेरिका, यूरोप और चीन में धीमी आर्थिक वृद्धि, ऊंची ब्याज दरों और सतर्क उपभोक्ता खर्च के कारण कमजोर होती मांग रही है। वहीं दूसरी ओर भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं और आपूर्ति शृंखला में व्यवधानों ने भी व्यापार को प्रभावित किया है। घरेलू बाजार में भी सोने और चांदी कीमतों में उतार-चढ़ाव, निर्यातकों के लिए सीमित फाइनेंशियल सुविधाएं और प्रयोगशाला में उगने वाले हीरे की वजह से भी आयात और निर्यात पर असर पड़ा है। वहीं मुद्रा में उतार-चढ़ाव और मजबूत डॉलर ने मूल्य प्रतिस्पर्धा की वजह से भी व्यापार पर प्रभावित हुआ है।

## राशिफल

**मेष :** दूसरों के लिए बुरी नीयत रखना मानसिक तनाव को जन्म दे सकता है। ऐसे विचारों से बचें, क्योंकि ये समय की बबार्दी हैं और क्षमताओं को खत्म कर देते हैं।

**वृष :** आज आपका दिन बहुत ही शानदार रहेगा। आपका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। इस दिन आप जो भी काम शुरू करेंगे, उसमें आपको सफलता जरूर मिलेगी।

**मिथुन :** दिन आपके लिए बहुत सकारात्मक नहीं रहने वाला है। भविष्य की योजनाओं के लिए नए संपर्क बनाने होंगे। करियर की प्रगति में बहुत मददगार साबित होंगे।

**कर्क :** स्वास्थ्य के प्रति अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। आज सिर्फ बैठने के बजाय कुछ ऐसा करें जिससे आपकी आमदनी बढ़ सके।

**सिंह :** आज दिन ठीकठाक रहेगा। नया काम शुरू करने से पहले घर के बड़े बुजुर्गों की सलाह जरूर लें। पैसों के लेन-देन में सावधानी बरतने की जरूरत है।

**कन्या :** आज आप खूब पैसा कमा सकते हैं, लेकिन ऐसे मौकों को हाथ से जाने न दें। अपनी योजनाओं पर विश्वास करें। आज किसी से विवाद होने की संभावना है।

**तुला :** जीवन में बेहतरीन चीजों को महसूस करने के लिए अपने दिल और दिमाग के दरवाजे खोलें। चिंता को छोड़ना इसकी ओर पहला कदम है।

**वृश्चिक :** आज आपका दिन सकारात्मक रहेगा। आपका स्वास्थ्य पहले से बेहतर रहेगा। नए बिजनेस के लिए घर में चर्चा कर सकते हैं।

**धनु :** सभी रुके हुए काम बहुत जल्द पूरे होंगे। आने वाला समय जीवन बदलने वाला साबित होगा, जो भी काम शुरू करेंगे उसमें आपको सफलता जरूर मिलेगी।

**मकर :** आज का दिन ऐसी चीजों को खरीदने के लिए अच्छा है, जिनकी कीमत आगे चलकर बढ़ सकती है। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ :** जो लोग कोर्ट कचहरी के क्षेत्र से जुड़े हैं, उनका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको अपनी वाणी पर नियंत्रण रखना होगा। आज आपका नया काम आपको लाभ देगा।

**मीन :** आज का दिन कई मायनों में फायदेमंद रहेगा. आपके विचारों का सम्मान होगा। व्यापार में भी वृद्धि होगी। अचानक लाभ मिलने के योग हैं।

## चुटकुले

गोलू : भाई, मेरा फोन इतना स्लो क्यों है?
मोनू : क्योंकि उसमें तेरी पिक्चर ज्यादा है!
गोलू : फिर क्या करूँ?
मोनू : चेहरा बदल ले फोन खुद तेज हो जाएगा!

---

मरीज : डॉक्टर साहब, मेरी याददाश्त बहुत तेज है!
डॉक्टर : तो फिर तकलीफ क्या है?
मरीज : बस अच्छे दिन याद रहते हैं, बुरे भूल जाता हूँ!

---

पत्नी : सुनो जी, मुझे शॉपिंग करनी है!
पति : कितने की?
पत्नी : बस थोड़ी सी
पति : थोड़ी सी मतलब? फोन साइलेंट करके बताओ!

---

टीटू रोज स्कूल के लिए लेट हो जाता था,
एक दिन टीचर ने पूछा- तुम बाकी बच्चों के साथ क्यों नहीं आते?
टीटू- झुंड में तो गधे आते हैं मैम, शेर हमेशा अकेला ही आता है।


## 17 11 2025 करंट क्राइम

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं — आज के जन्मदिन




सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com


प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।


**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी




**दैनिक करंट क्राइम**
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# आईपीएल 2025 में ही फ्रेंचाइजी छोड़ना चाहते थे संजू सैमसन

## राजस्थान रॉयल्स के मालिक ने किया खुलासा

**सैमसन को ऑलराउंडर सैम करन और रवींद्र जडेजा के बदले आईपीएल के आगामी सीजन के लिए चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) में ट्रेड किया गया है। राजस्थान के पूर्व कप्तान के लिए 2025 का सीजन चुनौतीपूर्ण रहा था।**






**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स के मालिक मनोज बडाले ने खुलासा करते हुए बताया है कि संजू सैमसन ने आईपीएल 2025 के बीच में पहली बार फ्रेंचाइजी छोड़ने की इच्छा व्यक्त की थी। सैमसन को ऑलराउंडर सैम करन और रवींद्र जडेजा के बदले आईपीएल के आगामी सीजन के लिए चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) में ट्रेड किया गया है। राजस्थान के पूर्व कप्तान के लिए 2025 का सीजन चुनौतीपूर्ण रहा था।

### सैमसन के लिए अच्छा नहीं रहा था पिछला सीजन

सैमसन चोट के कारण कई मैच नहीं खेल सके थे और नौ पारियों में सिर्फ एक अर्धशतक ही लगा पाए। अपनी बल्लेबाजी के अलावा, सैमसन का कप्तान के रूप में भी कोई यादगार सीजन नहीं रहा और राजस्थान सिर्फ आठ अंकों के साथ अंक तालिका में दूसरे सबसे निचले पायदान पर रही थी। पूरे टूनामेंट में टीम को गति प्राप्त करने में संघर्ष करना पड़ा था। सैमसन भावनात्मक रूप से थक गए थे और उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मिली करीबी हार के बाद मनोज बडाले से इस सीजन के बाद फ्रेंचाइजी छोड़ने की इच्छा व्यक्त की।

### बडाले ने सैमसन को सराहा

बडाले ने कहा, इस साल या पिछले साल पहली बार जब संजू ने आगे बढ़ने की बात की थी। कोलकाता में मैच के बाद हमारी एक मीटिंग हुई थी। वह बहुत ईमानदार इंसान है। वह व्यक्तिगत और भावनात्मक रूप से थका हुआ था। वह राजस्थान रॉयल्स की बहुत परवाह करता है और मुझे लगता है कि 18 वर्षों में हमारे सबसे खराब सीजन ने उसे बहुत थका दिया। 14 वर्षों का सबसे अच्छा समय थोड़े से ब्रेक के साथ राजस्थान रॉयल्स को देने के बाद, उसे लगा कि उसे अपने आईपीएल सफर के अंत को ताजा करने के लिए एक नए अध्याय की जरूरत है।

बडाले ने 11 सत्रों तक फ्रेंचाइजी के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए संजू की सराहना की और याद दिलाया कि 2021 में उन्हें कप्तान बनाना एक उच्च जोखिम वाला कदम माना गया था, लेकिन उन्होंने जिम्मेदारी को सराहनीय तरीके से निभाया।

# मिनौर को हराकर एटीपी फाइनल्स के खिताबी मुकाबले में पहुंचे सिनर

## अब अल्कारेज से होगा सामना



**तूरिन।** सत्र के आखिरी टूनामेंट में घरेलू कोर्ट पर सिनर के सामने खिताबी मुकाबले में कार्लोस अल्कारेज होंगे जिन्होंने एक अन्य सेमीफाइनल मैच में फेलिक्स ऑगर-एलियासेम को मात दी।

इटली के यानिक सिनर ने शानदार प्रदर्शन जारी करते हुए एटीपी फाइनल्स के अंतिम चार मैच में एलेक्स डी मिनौर को को हराकर खिताबी मुकाबले में अपनी जगह पक्की की। विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज सिनर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी को सीधे सेटों में 7-5, 6-2 से हराकर दोनों खिलाड़ियों के बीच 13 मुकाबले में 13वीं जीत दर्ज की।

सत्र के आखिरी टूनामेंट में घरेलू कोर्ट पर सिनर के सामने खिताबी मुकाबले में कार्लोस अल्कारेज होंगे जिन्होंने एक अन्य सेमीफाइनल मैच में फेलिक्स ऑगर-एलियासेम को मात दी।

सिनर और अल्कारेज पिछले तीन ग्रैंडस्लैम फाइनल में भिड़ चुके हैं। अल्कारेज ने फ्रेंच ओपन का खिताब जीता, जबकि सिनर ने विंबलडन में अल्कारेज को शिकस्त दी थी। अल्कारेज ने हालांकि यूएस ओपन में जीत के साथ सिनर के खिलाफ अपना दबदबा मजबूत किया।

# धनुष ने जीता एयर राइफल का स्वर्ण, मुर्तजा को रजत

## डेफलिंपिक्स में भारत की शानदार शुरूआत



**नई दिल्ली।** भारत के युवा निशानेबाज धनुष श्रीकांत ने टोक्यो में चल रहे डेफलिंपिक्स में पुरुष 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीतकर भारत का खाता खोल दिया। 23 वर्षीय धनुष ने फाइनल में 252.2 अंक बनाते हुए डेफ फाइनल वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित किया। भारत के ही मोहम्मद मुर्तजा वानिया ने 250.1 अंक के साथ रजत पदक अपने नाम किया, जबकि दक्षिण कोरिया के बैक स्यूंघाक को 223.6 अंक के साथ कांस्य मिला।

### क्वालिफिकेशन में भी बनाया रिकॉर्ड

धनुष ने क्वालिफिकेशन राउंड में 630.6 अंक बनाकर डेफलिंपिक्स रिकॉर्ड कायम किया। मुर्तजा 626.3 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। फाइनल में धनुष ने न सिर्फ डेफलिंपिक्स रिकॉर्ड तोड़ा बल्कि डेफ फाइनल वर्ल्ड रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। यह उनके करियर का दूसरा पुरुष 10 मीटर एयर राइफल डेफलिंपिक्स स्वर्ण है। 2022 के कैक्सियास डू सुल डेफलिंपिक्स में उन्होंने व्यक्तिगत और मिक्स्ड टीम दोनों में स्वर्ण जीते थे।

### मिश्रित टीम में नजरें चौथे स्वर्ण पर

धनुष अब सोमवार को महित संधू के साथ 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम इवेंट में उतरेंगे, जहां उनका लक्ष्य अपने करियर का चौथा डेफलिंपिक्स स्वर्ण हासिल करना होगा।

**धनुष ने क्वालिफिकेशन राउंड में 630.6 अंक बनाकर डेफलिंपिक्स रिकॉर्ड कायम किया। मुर्तजा 626.3 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। फाइनल में धनुष ने न सिर्फ डेफलिंपिक्स रिकॉर्ड तोड़ा बल्कि डेफ फाइनल वर्ल्ड रिकॉर्ड भी अपने नाम किया।**

### महिला वर्ग में महित संधू को रजत

महिला 10 मीटर एयर राइफल में भारत की महित संधू (20 वर्ष) ने 250.5 अंक के साथ रजत पदक जीता। भारत की कोमल वाघमारे (228.3) को कांस्य मिला, जबकि यूक्रेन की लिडकोवा वायोलेटा ने 252.4 अंक के विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण जीता।

### धनुष की मां ने कही यह बात

धनुष की मां आशा श्रीकांत ने कहा, 'धनुष कल काफी आत्मविश्वास में था। उसकी रैंकिंग पिछले साल से थोड़ी उतार-चढ़ाव में थी, लेकिन यह प्रदर्शन उसके लिए बहुत प्रेरणादायक है।' उन्होंने बताया कि धनुष पहले राष्ट्रीय स्तर पर नंबर-1 पर भी पहुंच चुके हैं। बचपन से श्रवण बाधित धनुष के दो बार कोक्लियर इम्प्लांट सर्जरी हुई, पहली एक साल की उम्र में और दूसरी नौ साल की उम्र में। उन्होंने आगे कहा, 'वह मशीन के सहारे सुनता है। वह कुछ ही शब्द बोल पाता है और ज्यादातर इशारों के जरिए समझाता है।'

# सौरव गांगुली ने कोलकाता के पिच क्यूरेटर का समर्थन किया




**कोलकाता।** बंगाल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने ईडन गार्डन्स में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहले टेस्ट के लिए तैयार की गई पिच को लेकर हो रही आलोचनाओं के बीच क्यूरेटर सुजान मुखर्जी का बचाव किया है। यह पिच गेंदबाजों के लिए काफी मददगार रही है और पहले दिन से ही टर्न और बाउंस देखने मिला है जिससे बल्लेबाजों को संघर्ष करना पड़ा है।

तीसरी पारी तक तेम्बा बावुमा ही एकमात्र बल्लेबाज थे जिन्होंने अर्धशतक बनाया, जिससे बल्ले और गेंद के बीच बराबरी का मुकाबला न होने का संकेत मिला जो गांगुली के पहले के आश्वासन के विपरीत है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने भी अपनी राय रखते हुए इस पिच को बेहद खराब बताया। गांगुली ने कहा कि पिच बिल्कुल वैसी ही तैयार की गई थी जैसी भारत चाहता था। उन्होंने आगे कहा कि जब किसी सतह पर चार दिन तक पानी नहीं डाला जाता तो वह स्वाभाविक रूप से ऐसा ही व्यवहार करती है।

गांगुली ने एक स्थानीय चैनल से कहा, 'पिच वैसी ही है जैसी भारतीय टीम चाहती थी। जब आप चार दिन तक पिच पर पानी नहीं डालते तो यही होता है। क्यूरेटर सुजान मुखर्जी को दोष नहीं दिया जा सकता।' भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच कोलकाता के ईडन गार्डेंस में खेले जा रहे इस मैच में गेंदबाजों का दम देखने मिला है। पहले दिन जहां कुल 11 विकेट गिरे थे, वहीं दूसरे दिन 15 विकेट गिरे। शनिवार को तो स्पिनरों का दम देखने मिला था।

दूसरे दिन के खेल के बाद भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने स्वीकार किया था कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि पिच इतनी जल्दी खराब हो जाएगी।

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हार के बाद कोच गंभीर ने किया पिच का बचाव





**कोलकाता।** भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में मिली हार के बाद ईडन गार्डेंस की पिच का बचाव किया है। गंभीर का कहना है कि टीम ने ऐसे ही विकेट की मांग की थी। भारत को कोलकाता टेस्ट मैच में 30 रनों से हार का सामना करना पड़ा जिससे वह दो मैचों की सीरीज में 0-1 से पीछे हो गई है। ईडन गार्डेंस की पिच को लेकर काफी सवाल उठ रहे थे, लेकिन गंभीर ने आलोचनाओं को खारिज किया।

### 124 रनों का लक्ष्य हासिल नहीं कर सका भारत

भारतीय टीम ने पहली पारी में 30 रनों की बढ़त ली थी, लेकिन दक्षिण अफ्रीका ने गेंदबाजों के दम पर वापसी की और भारत को हराकर दो मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त ले ली। दक्षिण अफ्रीका की दूसरी पारी 153 रन पर ऑलआउट हुई थी और उसने 123 रनों की बढ़त लेकर भारत के सामने 124 रनों का लक्ष्य रखा था। भारत की बल्लेबाजी दूसरी पारी में बेहद खराब रही और टीम दूसरे ही सत्र में 93 रन पर ऑलआउट हो गई।

**गिल की फिटनेस पर भी दी जानकारी**

गंभीर ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, यह पिच बिल्कुल वैसी ही थी जैसी हमने मांगी थी और हमें वही मिला। यहां के क्यूरेटर (सुजन मुखर्जी) बहुत सहयोगी रहे। मुझे लगता है कि यह एक ऐसी विकेट है जो आपकी मानसिक दृढ़ता का आकलन कर सकती है, क्योंकि अच्छे डिफेंस के साथ खेलने वालों ने रन बनाए हैं।

गंभीर ने अपनी बात को सही साबित करने के लिए तेम्बा बावुमा और वाशिंगटन सुंदर की पारियों का जिक्र किया। बावुमा दूसरी पारी में 55 रन बनाकर नाबाद रहे थे, जबकि वाशिंगटन सुंदर ने 31 रन बनाए थे। गंभीर ने कहा, यह बिल्कुल वैसी ही पिच थी जिसका हमें इंतजार था। इसमें कोई भी कमी नहीं थी और न ही ऐसा था कि ये खेलने लायक नहीं है। अक्षर, बावुमा और वाशिंगटन ने रन बनाए। अगर आप कहते हैं कि यह टर्निंग विकेट है तो ज्यादातर विकेट तेज गेंदबाजों को लेने चाहिए थे। हम पहले दिन से ही स्पिनरों के लिए मददगार पिच की मांग करते हैं जिससे टॉस अहम न हो जाए। अगर हम टेस्ट जीत जाते, तो पिच के बारे में इतना सवाल या चर्चा नहीं होती। हमारे पास ऐसे खिलाड़ी हैं जो किसी भी परिस्थिति में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं।

# अपने घर में 15 साल बाद भारत को दक्षिण अफ्रीका से मिली हार

## तीन ही दिन में कोलकाता टेस्ट गंवाया

**तीसरे दिन दक्षिण अफ्रीका की दूसरी पारी 153 रन पर ऑलआउट हुई थी और उसने 123 रनों की बढ़त लेकर भारत के सामने 124 रनों का लक्ष्य रखा था। भारत की बल्लेबाजी दूसरी पारी में बेहद खराब रही और टीम दूसरे ही सत्र में 93 रन पर ऑलआउट हो गई।**



**कोलकाता।** तेम्बा बावुमा की अगुआई वाली दक्षिण अफ्रीका ने शानदार वापसी करते हुए भारत को पहले टेस्ट मैच में 30 रन से हरा दिया है। भारतीय टीम ने पहली पारी में 30 रनों की बढ़त ली थी, लेकिन दक्षिण अफ्रीका ने गेंदबाजों के दम पर वापसी की और भारत को हराकर दो मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त ले ली। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 15 साल में पहली बार भारत को घरेलू जमीन पर टेस्ट मैच गंवाना पड़ा है।

### पूरे दो सत्र भी नहीं टिक सकी भारतीय टीम

तीसरे दिन दक्षिण अफ्रीका की दूसरी पारी 153 रन पर ऑलआउट हुई थी और उसने 123 रनों की बढ़त लेकर भारत के सामने 124 रनों का लक्ष्य रखा था। भारत की बल्लेबाजी दूसरी पारी में बेहद खराब रही और टीम दूसरे ही सत्र में 93 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत की बल्लेबाजी इस कदर खराब रही कि टीम के छह बल्लेबाज दहाई अंक तक भी नहीं पहुंच सके। भारतीय टीम के बल्लेबाज पूरे समय संघर्ष करते नजर आए और पूरे दो सत्र भी बल्लेबाजी नहीं कर सके।

### 2010 के बाद भारतीय जमीन पर द.अफ्रीका ने जीता टेस्ट

दक्षिण अफ्रीका के लिए इस टेस्ट मैच में जीत हासिल करना विशेष है। उसने इस मैच से पहले आखिरी बार भारतीय जमीन पर फरवरी 2010 में टेस्ट मैच जीता था। उस वक्त टीम ने भारत को पारी और छह रनों से हराया था। इसके बाद उसने भारत के खिलाफ भारत में आठ टेस्ट मैच खेले जिसमें से भारतीय टीम ने सात मैच जीते, जबकि एक ड्रॉ रहा। लेकिन बावुमा की अगुआई में दक्षिण अफ्रीका ने इस तिलिस्म को तोड़ा और 15 वर्षों का सूखा समाप्त करने में सफल रही।

### ईडन गार्डेंस में मुश्किल है चेज

ईडेन गार्डेंस में टेस्ट में लक्ष्य का पीछा करते हुए टीमें कम ही सफल होती हैं। ईडेन गार्डेंस में सबसे सफल लक्ष्य की बात करें तो 2004 में भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 117 रनों का लक्ष्य हासिल किया था। इसके बाद इस मैदान पर कभी 100 से अधिक रनों का लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सका है। भारत के पास इस मैच में इस मैदान पर टेस्ट मैच का सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल करने का मौका था, लेकिन टीम इसमें सफल नहीं हो सकी।

### कप्तान के तौर पर बावुमा की चमक बरकरार

इस मैच में दक्षिण अफ्रीका जीत दर्ज कर सकी तो उसका सबसे बड़ा कारण कप्तान बावुमा है। भारतीय टीम ने पहली पारी के आधार पर बढ़त ली थी और फिर दूसरी पारी में गेंदबाजों ने मेहमान टीम को सस्ते में रोक दिया था। लेकिन बावुमा टिके रहे और उन्होंने नाबाद अर्धशतक लगाया जिससे टीम भारत के सामने 120+ रन का लक्ष्य रखने में सफल रही। कप्तान के तौर पर वह अब तक अपराजेय चल रहे हैं। उन्होंने 11 टेस्ट मैच में टीम की कमान संभाली है जिसमें से 10 में टीम को जीत मिली है।

### खराब शॉट खेलकर आउट हुए अक्षर

लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरूआत बेहद खराब रही थी और टीम ने एक रन के स्कोर पर यशस्वी और केएल राहुल दोनों के विकेट गंवा दिए थे। भारत को वाशिंगटन सुंदर और ध्रुव जुरेल ने संभालने की कोशिश की, लेकिन यह साझेदारी भी ज्यादा देर नहीं चली। भारत के लिए सबसे ज्यादा रन वाशिंगटन सुंदर ने बनाए जो 31 रन बनाकर आउट हुए।

# पहले टेस्ट मैच में आगे नहीं खेलेंगे शुभमन गिल

## बीसीसीआई ने बताया अब कैसा है कप्तान का हाल



**कोलकाता।** गिल को दूसरे दिन बल्लेबाजी करते वक्त चोट लग गई थी जिसके बाद वह मैदान से बाहर चले गए थे। गिल इसके बाद मैदान पर नहीं उतरे और शनिवार की रात उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल कोलकाता में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच में अब आगे हिस्सा नहीं लेंगे। गिल को दूसरे दिन बल्लेबाजी करते वक्त चोट लग गई थी जिसके बाद वह मैदान से बाहर चले गए थे। गिल इसके बाद मैदान पर नहीं उतरे और शनिवार की रात उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने तीसरे दिन के खेल की शुरूआत से पहले कप्तान के फिटनेस पर अपडेट दिया।

**गर्दन में मोच आने के बाद रिटायर्ड हर्ट हो गए थे गिल**

गिल भारत की पहली पारी के दौरान रिटायर्ड हर्ट होकर मैदान से बाहर चले गए थे। गिल ने पहली पारी में तीन गेंदों का सामना किया, लेकिन चोट के कारण उन्हें मैदान से बाहर लौटना पड़ा। गिल साइमन हार्मर की गेंद पर स्लॉग स्वीप करने के प्रयास में गर्दन में मोच आने के बाद रिटायर्ड हर्ट हो गए थे। उन्होंने हार्मर को बैकवर्ड स्क्वायर लेग के ऊपर से चौका मारा, लेकिन इस दौरान उनकी गर्दन में जकड़न पैदा हो गई। फिजियो तुरंत ही मैदान पर पहुंचे लेकिन इस स्टार बल्लेबाज को रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौटना पड़ा। यह घटना ड्रिंक्स ब्रेक के बाद 35वें ओवर में घटी थी।

**फिलहाल अस्पताल में ही हैं गिल:** बीसीसीआई ने गिल की फिटनेस पर जानकारी देते हुए कहा, गिल को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन गर्दन पर चोट लगी थी। उन्होंने दिन के खेल की समाप्ति के बाद अस्पताल ले जाया गया था। वह फिलहाल अस्पताल में निगरानी में हैं और शुरूआती टेस्ट मैच में आगे हिस्सा नहीं होंगे। बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी लगातार निगरानी रख रही है।

# तिरंगों की लहर और गूंजते नारे : पिलखुवा में आत्मनिर्भर भारत की एकता यात्रा ऐतिहासिक बनी

## सांसद अतुल गर्ग और विधायक धर्मेश तोमर की उपस्थिति में उत्साह और देशभक्ति के बीच यात्रा सम्पन्न






**गाजियाबाद/पिलखुवा, करंट क्राइम।** पिलखुवा क्षेत्र में आज 'भारत आत्मनिर्भर एकता यात्रा' का भव्य एवं उत्साहपूर्ण आयोजन हुआ। यात्रा का शुभारंभ सर्वोदय इंटर कॉलेज से विधिवत रूप से किया गया, जहां से यह निर्धारित मार्ग के अनुसार होते हुए ग्राम गालंद तक निकाली गई। रैली में हजारों की संख्या में नागरिक, समाजसेवी और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। तिरंगा लेकर चल रहे एनसीसी कैडेटों और स्कूली बच्चों ने यात्रा में विशेष ऊर्जा और आकर्षण जोड़ा। पूरे मार्ग पर लोगों ने राष्ट्रभक्ति के नारों और जोश के साथ यात्रा का स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश मंत्री बसंत त्यागी, सांसद अतुल गर्ग, विधायक धर्मेश तोमर, नगर पालिका अध्यक्ष विभु बंसल, सभी मंडल अध्यक्ष, महिला मोर्चा सहित विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा राजेंद्र मित्तल (मेदी वाले) झ प्रतिनिधि सांसद, मनीष दीक्षित, जिला महामंत्री पुनीत गोयल, श्यामेंद्र त्यागी, यशपाल प्रधान, मनीष माहेश्वरी, अमित टांक, अंकुर गहलौत, सचिन पुंडीर, हिमांशु अग्रवाल, नितेश तोमर, नरेंद्र सैनी, गुड्डू प्रजापति सहित अनेक सम्मानित गणमान्य अतिथियों ने उपस्थिति दर्ज कर यात्रा की शोभा बढ़ाई।

यात्रा का उद्देश्य आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को व्यापक स्तर पर प्रसारित करना, राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करना और समाज में जागरूकता का संदेश देना रहा। उत्साह, देशभक्ति और एकता के संदेश के साथ यह पदयात्रा ग्राम गालंद में सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

### विभु बंसल की सक्रिय भूमिका

करंट क्राइम। नगर पालिका अध्यक्ष विभु बंसल ने 'आत्मनिर्भर भारत एकता यात्रा' की तैयारियों और व्यवस्थाओं में विशेष भूमिका निभाई। यात्रा के मार्ग, सफाई, तिरंगा सज्जा, भीड़ प्रबंधन और स्थानीय समन्वय के कार्यों को उन्होंने स्वयं मॉनिटर किया। स्थानीय कर्मचारियों, युवा टीमों और सामाजिक संगठनों के साथ लगातार संपर्क में रहकर विभु बंसल ने सुनिश्चित किया कि यात्रा बिना किसी व्यवधान के सफलतापूर्वक संचालित हो। उनकी सक्रिय भागीदारी और समर्पण ने पूरे आयोजन की सुगमता और भव्यता में महत्वपूर्ण योगदान दिया।




### गुटके वाले लाला जी के इंतकाम की आग को बुझाया हरियाणा वाले समधि ने

गुटके वाले लाला जी पुलिस से बहुत नाराज हैं। अगर पुत्र के विवाह में दो रशियन नचवा भी दी और एक फायर कर भी दिया तो कौन सा विचित्र काम कर दिया। लाला जी ने एक ठुमके के सवा लाख के हिसाब से दो ठुमकों के ढाई लाख दे भी दिये। सुना है लाला जी को इसके बाद भी पुलिस कस्टडी में बैठना पड़ गया। इंतकाम की आग में जल रहे लाला जी ने फिर अपने हरियाणा वाले समधी को फोन मिलाया। और उन्हें पूरा मामला बताया। ये भी बता दिया कि मैंने क्या दिया और पुलिस ने मेरे साथ क्या किया। बताते हैं कि हरियाणा वाले समधि बड़े अधिकारी हैं। फिर समधियाने से एक फोन हुआ और उसके बाद लाला जी ने एक रात पहले ही एलान कर दिया था कि सुबह तक कोतवाल बदल जायेगा। बाजार वाले हैरान हैं कि लाला जी अपने एलान पर सफल साबित हुए। जब सुबह का अखबार आया तो कोतवाल का तबादला हो चुका था। मगर पुलिस वाले मित्र ये कह रहे हैं कि लाला जी चलो एक कोतवाल से तुम जीत गये मगर तुम किस किस से जीतोगे। कभी जीएसटी वाले आयेंगे, कभी फूड वाले आयेंगे और सुनों लाला ये पुलिस है याद रखना हम एक बार नहीं कई बार आयेंगे, और तुम्हे ले भी जायेंगे।

### मेरठ वाले अफसर भी आये तो गये गाजियाबाद में उन अधिकारी के द्वार

वो अफसर हैं उनके पास पद है तो उनका अपना ही एक कद है। लेकिन जो उन्हें जानते हैं वो बताते हैं कि केवल इस वाले पद से ही उनका कद नहीं है और असली बात तो ये है कि उनकी ईमानदारी की सरकार तक धमक है। कद उनका बढ़ा है लेकिन लहजा विनम्र रखते हैं। मेरठ वाले कमिश्नरी के साहब जब गाजियाबाद आये तो ये भी एक नजारा रहा। सरकार के तीन अफसर एक साथ एक ही कार में सवार हुए। बड़े साहब ने इंटरलॉकिंग वाले साहब में पूरा इंटरेस्ट दिखाया। विकास वाले महकमे के साहब भी उसी कार में सवार हुए। कहानी में ट्विस्ट तब आया जब कमिश्नरी वाले साहब भी इंटरलॉकिंग वाले साहब के घर पहुंचे। दरो दीवार इस बात की गवाह रही कि यहां तो सड़क वाले महकमें के कैबिनेट वाले वजीर भी आये और अब कमिश्नरेट वाले साहब भी आ गये। बात जब साहब के द्वार की चली तो उनके महकमे के ठेकेदार ने कहा कि ये उनकी ईमानदारी का जलवा है। उनका आवास खास नहीं है बल्कि उनका व्यक्तिव खास है। अगर अधिकारी ईमानदार है तो फिर वजीर से लेकर बड़े अधिकारी को सोचना नहीं पड़ता और वो सहज भाव से वहां जाते हैं। वैसे ये भी बात ठीक है कि मात हत अफसरों में दिवस की कहानी तो मिनट्स में नोट की मगर बात जब उनके घर की आई तो मात हतों में गोपनीय कहकर फाईल वहीं क्लोज कर दी।

### फिसल गयी जुबान और उसने कहा टंकी तो पहले ही टूट चुकी है श्रीमान

सरकार वालों ने कभी ये कहा था कि जो व्यक्ति विकास कार्य का शिलान्यास करेगा, वही उद्घाटन करेगा। सरकारी काम की अपनी स्पीड होती है, पहले प्रस्ताव आयेगा फिर डीपीआर बनेगी तब जाके काम की रफ्तार बनेगी। लेकिन ये अंतिम सत्य नहीं है। उस महकमे में हो ये रहा है कि काम पहले हो जाता है और फाईल बाद में बनती है। बंद कमरे की बैठक से बातें बाहर आ रही हैं और बातों ही बातों में बताते हैं कि एक अधिकारी की मीटिंग में जुबान फिसल गयी। बात टंकी को तोड़ने की थी मगर बात जब मीटिंग में आयी और इसका प्रस्ताव बनाने को कहा गया। पता चला कि मात हत अधिकारी ने कह दिया कि अजी वो तो दो लाख समथिंग के भुगतान पर ऑलरेडी ध्वस्त की जा चुकी है। अब तो बस प्रस्ताव तैयार होना है। इसके बाद ही मौहल्ले वाले जनप्रतिनिधियों को पता चला कि हमारे यहां विकास ने बहुत ही तेज रफ्तार पकड़ ली है। हम तो बेकार में ही प्रस्ताव तैयार करते हैं फिर बैठकों में उस पर पूरी चीख-पुकार करते हैं। तब जाकर बात बनती है। लेकिन ये हमारा भ्रम है और हकीकत ये है कि विकास का हैंडिल अफसरों के हाथ में है ना कोई बैठक होगी, ना कोई प्रस्ताव होगा और आप कितने ही सवाल उठा लो उसका कोई नहीं जवाब होगा। बात टंकी की चली तो कहने वाले ने कह भी दिया कि एक टंकी को लेकर इतना सोच रहे हो और तुम्हे क्या पता फाइलों पर तो कई किलोमीटर की सड़क बन जाती है, फाइलों पर तो लाखों पौधे लग जाते हैं, फाइलों पर पूरा विकास का रथ चल जाता है और तुम टंकी पर अड़े हो।

## श्रद्धांजलि



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और बुलंदशहर के कोऑर्डिनेटर नरेंद्र राठी की माता प्रकाशी देवी का 6 नवंबर को निधन हो गया था रविवार को उनकी 13वीं आयोजित की गई जिसमें वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और पूर्व सांसद राज बब्बर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय, पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस एवं अन्य दलों के नेताओं ने श्रद्धांजलि दी।

## आरटीआई सूचना के अधिकार संगठन की मासिक बैठक, अफसा बनीं जिला महासचिव



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** आरटीआई सूचना के अधिकार संगठन की एक मासिक बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष लज्जा यादव ने की। बैठक के दौरान संगठन में नए दायित्वों का विस्तार करते हुए कुमारी अफसा को जिला महासचिव नियुक्त किया गया। जिला अध्यक्ष लज्जा यादव ने कुमारी अफसा को जिम्मेदारी सौंपते हुए कहा कि वह एक कर्मठ, मेहनती और सक्रिय कार्यकर्ता हैं, जिनसे संगठन को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि कुमारी अफसा अपने कार्यों के माध्यम से लोगों को यह संदेश देंगी कि मेहनत से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। बैठक को संबोधित करते हुए लज्जा यादव ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में घबराने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि संगठन को मजबूत करने की जरूरत है। उन्होंने कार्यकताओं को प्रेरित करते हुए कहा कि हार से डरना नहीं चाहिए, बल्कि उसे एक चुनौती की तरह स्वीकार कर आगे बढ़ना चाहिए।

उन्होंने कार्यकतोओं को उत्साह देते हुए कहा कि किसी भी कार्य के प्रति जुनून हो तो उसे पूरा करना संभव होता है।

इस अवसर पर उन्होंने सभी को भरोसा दिलाया कि सही दिशा में कड़ी मेहनत कर संगठन को और मजबूत किया जाएगा। आगे उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को अभी से विधानसभा की तैयारी में जुट जाना चाहिए और पार्टी को मजबूती देने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करना चाहिए।

## निवाड़ी के सारा गांव में पुरानी रंजिश पर बवाल, दोनों पक्षों में खूनी संघर्ष

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** निवाड़ी के गांव सारा में पुरानी रंजिश में रात बलवा हो गया। दोनों पक्षों में जमकर संघर्ष हुआ। दोनों तरफ से लाठी-डंडे चले और पत्थरबाजी हुई। संघर्ष में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने बलवाइयों को खदेड़ा। पुलिस ने दोनों पक्षों के 27 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।



गांव सारा के रहने वाले फुरकान और इंत्याज के मकान आसपास हैं। बताया कि दोनों पक्षों में काफी समय से रंजिश चल रही है। इस बात को लेकर दोनों पक्ष कई बार झगड़ चुके हैं। शुक्रवार रात गांव में एक बरात आई थी। उसमें दोनों पक्षों के लोग डांस कर रहे थे। दोनों पक्ष पुराने विवाद को लेकर एक दूसरे पर टिप्पणी करने लगे। इसके बाद दोनों पक्षों में संघर्ष हो गया। लोगों ने लाठी-डंडों से एक दूसरे पर हमला बोल दिया और पत्थरबाजी की। इससे गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों पर लाठियां फटकारीं।

एसीपी मोदीनगर अमित सक्सेना ने बताया कि उपनिरीक्षक मुकुल की तहरीर पर इंत्याज, सुलेमान, मुंत्याज, उसमान, सोनू, दिलशाद, कलवा, यूनुस, जीशान, शोएब, नवाजिस, नावेद, शोएब, फुरकान, बिलाल, आलम निवासी गांव सारा निवाड़ी व दस अज्ञात के खिलाफ बलवा समेत कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर मुंत्याज, यूनुस, शोएब व शाहरुख को गिरफ्तार किया गया है।




## थाना प्रभारियों ने आते ही ली टाइट मीटिंग

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कई तेजतर्रार थ्री-स्टार व प्रभारियों की एंट्री हुई है। इस एंट्री के बाद कमिश्नरेट वाले सिस्टम में कई जोन व सर्किल का माहौल बदलने की बातें हो रही हैं। इन सबके बीच सुनने में आ रहा है कि शुक्रवार को जो तबादले वाली लिस्ट के बाद शनिवार की रात कई थाना प्रभारियों ने हाल ही में नई पोस्टिंग पर हॉट सीट लेने के बाद मीटिग ली है। पुलिस कमिश्नरेट के सूत्र बता रहे हैं कि उन्होंने टाइट वाली मीटिंग का सीन बनाया है। सूत्र बता रहे हैं कि सिटी जोन में दो थानों में हुई मीटिंग के बाद उनके कई चौकी प्रभारी और सेल से जुड़े पुलिस कर्मी राइट टाइम हो गए हैं। सुनने में आ रहा है की पुल के बराबर वाले थाने का सीन भी बदला-बदला नजर आ रहा है। वहां एक बिरादरी वाले थोड़े डाउन आ गए हैं। तो जिस तरीके से कमिशनरेट में नई पोस्टिंग पाने वाले थ्री-स्टार पर पास के कमिशनरेट और आसपास के जिलों से फोन कॉल आ रहे हैं, उससे कई तरीके की चर्चाएं शुरू हो रही हैं। वहीं देहात से नदिया पार में



एंट्री लेने वाले थ्री-स्टार भी स्वागतओं से घिरे बताए जा रहे हैं। सुनने में आ रहा है की जिस तरीके की लिस्ट आई थी, उसका कमिशनरेट वाले सिटी जोन पर सबसे ज्यादा प्रभाव नजर आ रहा है। यहां विकेट तो किसी का नहीं गिरा पर बदलाव वाली बयार चली है। इन सबके बीच जिस तरीके से लाइन पार वाले खाने पर नदी के किनारे वाले पूर्व थ्री- स्टार ने एंट्री ली है, उससे भी कई प्रभारियों के बीच चर्चा है कि बात कुछ तो अवश्य है। वहीं इन सबके बीच पुलिस कमिशनेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं की कोहरा बढ़ने से पहले फिर कमिशनरेट वाले सिस्टम में तीनों ही जों में चौकी प्रभारियों की लिस्ट को आउट किया जाएगा। इसके लिए राइट फेस के बीच फाइल होने की जानकारी मिल रही हैं। तो सुनने में आया है कि कई ऐसे चौकी प्रभारी भी आउट होंगे, जो लंबी पारी या जोन में लंबा चांस मार चुके हैं। कुल मिलाकर पुलिस कमिशनरेटगाजियाबाद वाले सिस्टम में राविवर की सुबह हुई वॉकथान ने कई संदेश देने के काम किए हैं। वहीं सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म में खाकी और खादी वालों की मधुर तस्वीरें एक आईपीएस को परेशान कर गई हैं। तो यहां अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों का मजबूत रिश्ता नजर आया है। सफल आयोजन में अधिकारियों की एक्टिवनेस भी जमकर देखी गई है।

## हरप्रीत सिंह जग्गी का जन्मदिन सभी के भले की अरदास के साथ मना





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** वरिष्ठ अधिवक्ता सरदार हरप्रीत सिंह जग्गी का जन्मदिन पर गुरुद्वारा दशमेश दरबार प्रताप विहार गाजियाबाद में अरदास के उपरांत लंगर का आयोजन किया इस अवसर पर विभिन्न गुरुद्वारा प्रबंधक समितियों व अन्य सम्मानित लोगों ने सिरोपा, पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। गुरु प्रबंक कमेटी दशमेश दरबार के सरदार जुझार सिंह, हरजीत सिंह, सुखविंदर सिंह के दयाल सिंह हरविंदर सिंह रामवीर सिंह गोल्डी, जगमोहन सिंह गुरप्रीत सिंह गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, लाजपत नगर के रमनदीप वालिया, गुरप्रीत सिंह नारंग व गुरुद्वारा लाल क्वार्टर के सर्वजीत सिंह, जसपाल सिंह, त्रिलोचन सिंह साथ साथ बीजेपी के वरिष्ठ नेता अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य सरदार एस पी सिंह गुरुद्वारा कवि नगर के पूर्व प्रदान सरदार रवींद्र सिंह जोली पूर्व डी जी सी राज कुमार चौधरी एडवोकेट अक्षय मेकिन, निर्मल जीत सिंह, मनप्रीत सिंह तथा पंजाबी सर्किल के रवींद्र आर्य, गोगिया, चतर सेन मल्होत्रा, कुलदीप सिंह व अन्य सैकड़ों लोग शामिल हुए।

## द्रोणागिरी अपार्टमेंट में लगी आग कोई हताहत नहीं



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा के सेक्टर-11 स्थित द्रोणागिरी अपार्टमेंट के डी ब्लॉक में आग लग गई। आग डी-412 फ्लैट में लगी थी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। अग्निशमन विभाग की टीम ने समय पर पहुंचकर तो विंडो ने आग लगी थी।

फायर ब्रिगेड की टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पा लिया, जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## थानों को बेहतर बनाने के लिए पुलिस अधिकारियों का औचक निरीक्षण, एसीपी ने सूरजपुर थाना जांचा



**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्ध नगर के नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में स्थित थानों को और बेहतर बनाने के मकसद से पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर पुलिस अधिकारियों द्वारा थानों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) तृतीय सेन्ट्रल नोएडा राजीव गुप्ता द्वारा रविवार को थाना सूरजपुर का त्रैमासिक निरीक्षण करते हुए पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिसमें कार्यालय अभिलेखों के रखरखाव, साफ-सफाई तथा पीड़ित जनता के साथ मधुर व्यवहार करते हुए उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान एसीपी ने थाना परिसर में मौजूद पीड़ित व्यक्तियों से पुलिस की कार्यशैली को लेकर फीडबैक लिया। इस विषय पर पीड़ित व्यक्तियों ने पुलिस की कार्य शैली की प्रशंसा की। आज सहायक पुलिस आयुक्त तृतीय सेन्ट्रल नोएडा राजीव गुप्ता द्वारा थाना सूरजपुर का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान एसीपी ने थाना परिसर का निरीक्षण करते हुए थाना प्रभारी व हेड मोहर्रिर को मालखाने में लंबित पड़े माल का शीघ्र निस्तारण करने, थाना परिसर व थाना बैरक की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने, आगंतुकों के बैठने की समुचित व्यवस्था रखने व लावारिस वाहनों की प्रक्रिया के अनुरूप नीलामी करने के लिए निर्देशित किया।

# नोएडा में तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से देवर-भाभी समेत तीन की मौत




**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने दो बाइकों को टक्कर मार दी। हादसे में देवर-भाभी समेत तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को ग्रेटर नोएडा के जिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना दनकौर-सिकंदराबाद रोड पर रविवार शाम को हुई। ऊंची दनकौर के रहने वाले हीरालाल (25) अपनी भाभी तुलसी (36), भतीजी कुमकुम (12) और भतीजे देवा (10) के साथ एक बाइक पर सवार होकर बुलंदशहर में एक शादी समारोह में जा रहे थे। कनारसी गांव के पास एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को सामने से टक्कर मार दी।

इसी दौरान, जुनेदपुर गांव के रहने वाले गौरव नागर (23) भी अपनी बाइक पर वहां से गुजर रहे थे। तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उन्हें भी सामने से टक्कर मारकर दी। टक्कर मारने के बाद आरोपी चालक ट्रैक्टर को मौके पर छोड़कर भाग गया।

### अस्पताल में 3 की मौत

राहगीरों की मदद से 5 घायलों को ग्रेटर नोएडा के अस्पताल पहुंचाया गया। इलाज के दौरान डॉक्टरों ने हीरालाल, उनकी भाभी तुलसी और गौरव नागर को मृत घोषित कर दिया। तुलसी के दोनों बच्चों, कुमकुम और देवा की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।

### 8 महीने पहले गौरव की शादी हुई थी

हीरालाल दनकौर कस्बे में मोमोज बेचने का काम करते थे। वहीं, गौरव नागर ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट के पद पर कार्यरत थे। बताया गया है कि गौरव की शादी करीब आठ महीने पहले ही हुई थी। उनकी मौत के बाद परिवार में शोक का माहौल है।

पुलिस ने तीनों शवों का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि परिजनों की शिकायत मिलने पर आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व मेयर अशु वर्मा के जन्मदिन पर गाजियाबाद की मेयर सुनीता दयाल ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। मेयर सुनीता दयाल रविवार को पूर्व मेयर आशु वर्मा के राजनगर स्थित आवास पर पहुंची और उनकी लंबी आयु उत्तम स्वास्थ्य तथा यशस्वी जीवन की कामना करते हुए उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। मेयर सुनीता दयाल ने हैप्पी बर्थडे के इस पल को फेसबुक पोस्ट पर साझा किया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# मैक्सिको में तेज हुआ जेन जेड आंदोलन प्रदर्शनकारियों की पुलिस से हुई झड़प-पथराव

**मैक्सिको।** मैक्सिको सिटी में जेन जेड का आंदोलन जोर पकड़ रहा है। शनिवार को हजारों की संख्या में युवा प्रदर्शनकारी मैक्सिको सिटी की सड़कों पर उतरे और उन्होंने अपराध और भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों की पुलिस से झड़प भी हुई। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पथराव किया और लाठी-डंडों और जंजीरों से हमला किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों से पुलिस की ढालें और अन्य उपकरण भी छीन लिए।





### जेन जेड विरोध प्रदर्शन के दौरान 120 लोग घायल हुए

विपक्षी दलों के बुजुर्ग समर्थकों का भी जेन जी आंदोलन को भरपूर समर्थन मिल रहा है। मैक्सिको सिटी के सुरक्षा सचिव पाब्लो वाजक्वेज ने बताया कि हिंसा के दौरान 120 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से 100 पुलिस अधिकारी हैं। बीस लोगों को गिरफ्तार किया गया है। 1990 के दशक के अंत और 2010 के दशक की शुरूआत के बीच पैदा हुए युवाओं को जेन जेड कहा जाता है। इस साल इस जनसांख्यिकीय समूह के सदस्यों ने असमानता, लोकतांत्रिक पतन और भ्रष्टाचार के खिलाफ कई देशों में विरोध प्रदर्शन आयोजित किए हैं।

**कई देशों में आंदोलन कर चुके हैं जेन जेड:** सोशल मीडिया पर प्रतिबंध के बाद सितंबर में नेपाल में सबसे बड़ा जेन जेड विरोध प्रदर्शन हुआ, जिसके कारण नेपाल के तत्कालीन प्रधानमंत्री को इस्तीफा देना पड़ा। मैक्सिको में, कई युवा कहते हैं कि वे भ्रष्टाचार और हिंसा जैसी व्यवस्थागत समस्याओं से निराश हैं। मैक्सिको में समुद्री डाकुओं की खोपड़ी वाला ध्वज जेन जी के आंदोलन का प्रतीक बन गया है और प्रदर्शनकारी इस झंडे को लहरा रहे हैं। विरोध प्रदर्शनों में शामिल हुईं 43 वर्षीय चिकित्सक एरिजाबेथ गार्सिया ने कहा कि वह सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली के लिए और अधिक धन और बेहतर सुरक्षा की मांग कर रही हैं क्योंकि डॉक्टर असुरक्षा के शिकार है जहां उन्हें हत्या का डर सताता रहता है।

**विरोध प्रदर्शनों में शामिल हुई 43 वर्षीय चिकित्सक एरिजाबेथ गार्सिया ने कहा कि वह सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली के लिए और अधिक धन और बेहतर सुरक्षा की मांग कर रही हैं क्योंकि डॉक्टर असुरक्षा के शिकार है जहां उन्हें हत्या का डर सताता रहता है।**

### मैक्सिको की राष्ट्रपति ने विपक्षी दलों पर लगाए आरोप



हाल ही में कई हाई-प्रोफाइल हत्याओं, जिनमें पश्चिमी राज्य मिचोआकन में एक लोकप्रिय मेयर की हत्या भी शामिल है, के बावजूद मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम की लोकप्रियता अभी भी बनी हुई है। शीनबाम ने दक्षिणपंथी दलों पर जेन जेड आंदोलन में घुसपैठ करने और सोशल मीडिया का इस्तेमाल करके लोगों की भीड़ बढ़ाने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। हाल ही में मारे गए मिचोआकेन के मेयर कार्लोस मंजो के समर्थक भी विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए, जो उनके राजनीतिक आंदोलन के प्रतीक पुआल की टोपियां पहनकर विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए थे। मिचोआकेन राज्य के पाट्ज़कुआरो शहर से आई 65 वर्षीय रियल एस्टेट एजेंट रोजा मारिया अविला ने कहा, 'राज्य मर रहा है।' उन्होंने मंजो के बारे में कहा, 'उसे इसलिए मारा गया क्योंकि वह एक ऐसा व्यक्ति था जो अपराधियों से लड़ने की कोशिश कर रहा था।'

# विदेशी कर्मियों को सस्ता मजदूर बताकर वीजा खत्म करने की तैयारी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में एच-1बी वीजा पर जारी विवाद अब सियासी बहस का केंद्र बन गया है। भारत के आईटी पेशेवरों के लिए अहम इस वीजा पर अमेरिका में सख्ती की जा रही है। उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने तीखा बयान देते हुए विदेशी कर्मियों को सस्ता मजदूर बताया व कहा, देश को उनकी जरूरत नहीं। वेंस ने विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी पर आरोप लगाया कि उनका मॉडल कम वेतन पर बाहरी लोगों को लाने पर आधारित है, जिससे अमेरिकियों के रोजगार और वेतन पर सीधा असर पड़ता है।



### अंतरराष्ट्रीय छात्रों पर नीतिगत उलटफेर का दौर

वीजा नीतियों को लेकर ट्रंप प्रशासन का रुख अंतरराष्ट्रीय छात्रों पर असर छोड़ रहा है। हाल ही में ट्रंप ने कहा था कि यदि विदेशी छात्रों की संख्या में कमी आई, तो आधे कॉलेज बंद हो जाएंगे। यह बयान ऐसे समय आया है, जब छह माह पूर्व अमेरिकी सरकार ने विदेशों में नए छात्र वीजा इंटरव्यू पर रोक लगा दी थी। इन दिनों ट्रंप प्रशासन में अंतरराष्ट्रीय छात्रों पर नीतिगत उलटफेर का दौर जारी है। इसके चलते सुरक्षा मानक काफी सख्त कर दिए गए हैं।

### भारतीय छात्रों की संख्या में रिकॉर्ड 70 फीसदी की गिरावट

नई नीतियों के कारण अमेरिकी विश्वविद्यालयों में दाखिला लेने वाले भारतीय छात्रों की संख्या में 70% तक गिर गई है। वीजा स्लॉट न मिलने, अचानक बढ़े रिजेक्शन और सख्त सुरक्षा जांच के चलते कई भारतीय छात्रों ने कनाडा, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और यूरोप जैसे देशों की ओर रुख किया है। एच-1बी और छात्र वीजा पर बढ़ती अनिश्चितता ने भारतीय परिवारों की चिंता बढ़ा दी है।

## चीन ने बमवर्षक विमानों के साथ की गश्त

# यूएस-जापान-फिलीपींस के समुद्री अभ्यास के बाद उठाया कदम

**चीनी सेना ने पहली बार अपने बमवर्षक लड़ाकू विमानों के साथ दक्षिण चीन सागर के ऊपर गश्त की। इन विमानों ने एक साथ उड़ान भरकर आसमान में अपनी निगरानी क्षमताओं का प्रदर्शन किया।**



**बीजिंग।** चीन लगभग पूरे दक्षिण चीन सागर पर अपना दावा करता है। जबकि फिलीपींस, वियतनाम, मलयेशिया, ब्रुनेई और ताइवान भी इस क्षेत्र पर दावा करते हैं, जो अंतरराष्ट्रीय व्यापार मार्गों के लिए बेहद अहम है। सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स के मुताबिक, पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की दक्षिण थिएटर कमान ने घोषणा की कि इसने फिलीपींस की 'संयुक्त गश्त' के बीच बमवर्षक विमानों के साथ यह गश्त की और ऐसा पहली बार किया गया है। अमेरिका-जापान-फिलीपींस का दो-दिवसीय समुद्री अभ्यास शुक्रवार से शनिवार तक चला।

दक्षिण थिएटर कमान के प्रवक्ता कर्नल तियान जुनली ने बयान में कहा कि फिलीपींस बाहरी ताकतों के साथ मिलकर 'संयुक्त गश्त' कर रहा है, जिससे क्षेत्रीय स्थिरता को नुकसान पहुंच रहा है।

उन्होंने कहा, हम फिलीपींस को सख्त चेतावनी देते हैं कि वह उकसावे और तनाव बढ़ाने वाली कार्रवाइयों को तुरंत रोके। उन्होंने कहा कि पीएलए हमेशा उच्च सतर्कता पर है और दक्षिण चीन सागर में चीन की संप्रभुता और सुरक्षा की रक्षा करेगा। उन्होंने कहा कि संप्रभुता का उल्लंघन करने की किसी भी कोशिश को सफल नहीं होने दिया जाएगा।

सैन्य विशेषज्ञों ने कहा, बमवर्षक विमानों के साथ फॉर्मेशन पीएलए की हमला करने क्षमता दिखाने का एक तरीका है। विशेषज्ञ सॉन्ग झोंगपिंग ने ग्लोबल टाइम्स को बताया कि ये बमवर्षक विमान बड़े-बड़े युद्धपोत होने के बावजूद उन पर लगातार कई हमले (सैचुरेशन अटैक) कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि फिलीपींस बाहरी देशों के साथ मिलकर चीन के दावे को चुनौती दे रहा है, इसलिए की यह गश्त एक तरह की चेतावनी है। बीते महीनों में फिलीपींस और चीन के जहाज कई बार टकरा चुके हैं, जिससे तनाव बढ़ गया है।

### चीन-जापान के बीच भी तनाव बढ़ा

चीन ने यह गश्त ऐसे समय में की है, जब जापान और चीन के बीत भी तनाव बढ़ रहा है। जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची ने हाल ही में कहा कि ताइवान पर चीन का हमला जापान के लिए बहुत बड़ा खतरा होगा। इस बयान ने दोनों देशों के बीच विवाद खड़ा कर दिया है। पीएलए डेली ने रविवार को चेतावनी दी कि अगर जापान ने ताइवान मामले में सैन्य दखल किया तो 'पूरा जापान युद्ध का मैदान बन सकता है'। इस बीच, रिपोर्ट के मुताबिक ताकाइची की सख्त स्थिति के बाद जापान में उनकी लोकप्रियता बढ़कर 69.9 फीसदी हो गई है। सर्वे में 60.4 फीसदी लोगों ने रक्षा बजट बढ़ाने का समर्थन किया और लगभग 49 फीसदी लोगों ने ताइवान संकट के दौरान जापान के आत्मरक्षा के अधिकार का उपयोग करने का समर्थन किया।

# 'ईरान में अब किसी भी स्थान पर नहीं हो रहा यूरेनियम संवर्धन..'


## विदेश मंत्री अब्बास अराघची का दावा

**तेहरान।** तेहरान दौरे पर आए एसोसिएटेड प्रेस के एक पत्रकार के सवाल का जवाब देते हुए विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने ईरानी शासन की ओर से अपने परमाणु कार्यक्रम पर अब तक का सबसे सीधा बयान दिया।

यह बयान जून के संघर्ष के बाद सामने आया है, जिनमें इस्राइल और अमेरिका ने ईरान की संवर्धन सुविधाओं को निशाना बनाया था।

ईरान सरकार ने एपी के इस पत्रकार को तीन दिन का वीजा जारी किया था, ताकि वह अन्य ब्रिटिश और अंतरराष्ट्रीय मीडिया संस्थानों के पत्रकारों के साथ एक शिखर सम्मेलन में शामिल हो सके।

**ईरान के विदेश मंत्री सैय्यद अब्बास अराघची ने रविवार को कहा कि उनके देश में किसी भी स्थान पर अब यूरेनियम का संवर्धन नहीं हो रहा है। एसोसिएटेड प्रेस के एक सवाल के जवाब में उन्होंने यह बात कही।**



# ब्राजील की राजनीति में तूफान, पूर्व मंत्री सिल्वियो अल्मेदा पर यौन उत्पीड़न का औपचारिक आरोप

**ब्रासीलिया।** ब्राजील की फेडरल पुलिस ने राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा की सरकार में मानवाधिकार मंत्री रहे सिल्वियो अल्मेदा पर यौन उत्पीड़न का औपचारिक आरोप लगाया है। यह जानकारी शनिवार को एक पुलिस अधिकारी ने दी। अधिकारी ने अपना नाम न बताने की शर्त पर बात की, क्योंकि उन्हें सार्वजनिक रूप से बोलने की अनुमति नहीं थी।



बता दें कि अब यह मामला प्रॉसिक्यूटर्स (अभियोजकों) के पास जाएगा। इसके बाद अगर वे आरोप दाखिल करने का फैसला करते हैं, तो मामला सुप्रीम कोर्ट तक जाएगा। सुप्रीम कोर्ट या तो मामले को खारिज करेगा या स्वीकार करेगा। अगर मामला स्वीकार हुआ, तो अल्मेदा को ट्रायल (मुकदमे) का सामना करना पड़ेगा।

अल्मेद ने नहीं दी कोई प्रतिक्रिया

मामले में स्थानीय मीडिया रिपोर्ट की मानें तो पुलिस ने शुक्रवार को अल्मेदा पर औपचारिक आरोप लगाए। अल्मेदा ने अब तक इस पर कोई नई प्रतिक्रिया नहीं दी है, हालांकि पहले वे सभी आरोपों को नकार चुके हैं। पिछले साल 'मीटू ब्राजील' नाम के संगठन ने बताया कि उन्हें अल्मेदा के खिलाफ यौन दुराचार की शिकायतें मिली हैं।

इसके बाद राष्ट्रपति लूला ने सितंबर में अल्मेदा को बर्खास्त कर दिया। मीडिया ने बताया कि रेशियल इक्वालिटी मंत्री एनीएल फ्रैंको भी कथित पीड़ितों में शामिल थीं। एनीएल फ्रैंको ने लूला के इस फैसले का सार्वजनिक रूप से समर्थन किया था। एनीएल फ्रैंको राजनीति में तब आईं जब उनकी बहन मरिएले फ्रैंको, रियो डी जेनेरियो की एक काउंसिलर, की 2018 में हत्या हो गई थी। इसके बाद इस मामले ने दुनियाभर का ध्यान अपनी ओर खींचा था।

# शार्लोट में अवैध अप्रवासियों के खिलाफ होमलैंड सिक्योरिटी तैनात, लोगों को सड़कों से किया गया गिरफ्तार

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की ट्रंप सरकार का अवैध अप्रवासियों के खिलाफ अभियान जारी है। अब उत्तरी कैरोलिना के सबसे बड़े शहर शार्लोट में ट्रंप प्रशासन ने अवैध अप्रवासियों के खिलाफ होमलैंड सिक्योरिटी के जवानों को तैनात किया है। संघीय सरकार ने भी इसकी पुष्टि कर दी है और कहा कि अप्रवासियों के खिलाफ अभियान जारी है। शनिवार को अप्रवासन विभाग और होमलैंड के एजेंटों को कई जगहों पर गिरफ्तारियां करते देखा गया।

### संघीय सरकार के फैसले का हो रहा विरोध

अमेरिका की सहायक गृह सुरक्षा सचिव ट्रिशिया मैकलॉघलिन ने एक बयान में कहा, 'हम यह सुनिश्चित करने के लिए कि अमेरिकी सुरक्षित रहें और जन सुरक्षा के खतरे दूर हों, शार्लोट में डीएचएस कानून प्रवर्तन बढ़ा रहे हैं।' हालांकि शार्लोट की मेयर वी लाइल्स सहित स्थानीय अधिकारियों ने इन कार्रवाइयों की आलोचना की और कहा कि ये अनावश्यक भय और अनिश्चितता पैदा कर रहे हैं। पहले शार्लोट में होमलैंड सिक्योरिटी के जवानों की तैनाती की कोई जानकारी नहीं थी। लेकिन इस हफ्ते की शुरूआत में मेक्लेनबर्ग काउंटी के शेरिफ गैरी मैकफैडेन ने बताया कि संघीय अधिकारियों ने उन्हें बताया था कि सीमा शुल्क एजेंट जल्द ही पहुंचेंगे।

**46 वर्षीय शार्लोट निवासी एसिटुनो ने कहा कि उन्हें भी सीमा गश्ती एजेंटों ने दो बार रोका था। दूसरी बार, उन्होंने कार की खिड़की तोड़कर उन्हें जबरन गाड़ी से बाहर निकाला और जमीन पर पटक दिया।**



### लोगों को सड़कों से किया जा रहा गिरफ्तार

46 वर्षीय शार्लोट निवासी एसिटुनो ने कहा कि उन्हें भी सीमा गश्ती एजेंटों ने दो बार रोका था। दूसरी बार, उन्होंने कार की खिड़की तोड़कर उन्हें जबरन गाड़ी से बाहर निकाला और जमीन पर पटक दिया। उन्होंने बताया कि 'मैंने उनसे कहा, मैं एक अमेरिकी नागरिक हूं।' 'वे जानना चाहते थे कि मैं कहां पैदा हुआ था, उन्हें विश्वास नहीं था कि मैं एक अमेरिकी नागरिक हूं।' आखिरकार, अपनी नागरिकता साबित करने वाले दस्तावेज दिखाने के बाद उन्हें रिहा कर दिया गया। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, शार्लोट नस्लीय रूप से विविध शहर है, जहां 9,00,000 से ज्यादा लोग रहते हैं, जिनमें 1,50,000 से ज्यादा विदेशी मूल के हैं।

### ट्रंप ने कट्टर समर्थक माजोर्री ग्रीन से तोड़ा नाता

**न्यूयॉर्क।** ग्रीन संसद भवन और ट्रंप के बीच मध्यस्थता करती थीं। जॉर्जिया की इस नेता को ट्रंप ने अति वामपंथी कहते हुए कहा-हाल में ग्रीन ने सिर्फ शिकायतें ही कीं। वह मेरे ही फोन नहीं उठातीं। ग्रीन ने कहा, मैं एक चिड़चिड़े पागल का फोन नहीं उठा सकती। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी कट्टर समर्थक माजोर्री टेलर ग्रीन से संबंध तोड़ लिए हैं। प्रतिनिधि ग्रीन को सनकी बताते हुए ट्रंप बोले, वह अगले वर्ष मध्यावधि चुनावों में उनके प्रतिद्वंद्वी को समर्थन देंगे। माजोर्री को किसी समय ट्रंप के ह्यमेक अमेरिका ग्रेट अगेनह्व (मागा) कार्यक्रम का प्रतीक माना जाता था। ग्रीन संसद भवन और ट्रंप के बीच मध्यस्थता करती थीं। जॉर्जिया की इस नेता को ट्रंप ने अति वामपंथी कहते हुए कहा-हाल में ग्रीन ने सिर्फ शिकायतें ही कीं। वह मेरे ही फोन नहीं उठातीं। ग्रीन ने कहा, मैं एक चिड़चिड़े पागल का फोन नहीं उठा सकती।

# यूक्रेन-रूस कर रहा कैदियों के अदला-बदली की तैयारियां, घर लौट सकते हैं 1200 यूक्रेनी सैनिक

**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच तीन साल से संघर्ष जारी है। रूस आज भी यूक्रेन पर हमले कर रहा है। हालांकि इनसब के बीच में अब एक अच्छी खबर सामने आ रही है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोदिमिर जेलेंस्की ने रविवार को कहा कि उनकी सरकार रूस के साथ कैदियों के आदान-प्रदान को फिर से शुरू करने की कोशिश कर रही है। इसका मकसद लगभग 1200 यूक्रेनी सैनिकों को घर लाना है। जेलेंस्की ने बताया कि इस पर कई बैठकें और बातचीत चल रही हैं और अलग-अलग माध्यमों से संपर्क बनाए जा रहे हैं।

यूक्रेन के राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा परिषद के सचिव रुस्तम उमेरोव ने शनिवार को कहा कि इस मामले में तुर्किय और संयुक्त अरब अमीरात की मध्यस्थता में बातचीत हुई। दोनों पक्षों ने इस्तांबुल में 2022 में बनाए गए कैदियों के आदान-प्रदान के नियमों को लागू करने पर सहमति जताई है। उमेरोव ने कहा कि अब तकनीकी और प्रक्रिया से जुड़े अंतिम निर्णय जल्द लिए जाएंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि लौटे हुए यूक्रेनी सैनिक नए साल और क्रिसमस अपने परिवार के साथ मना सकेंगे।



**यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि उनकी सरकार रूस के साथ कैदियों के आदान-प्रदान को फिर से शुरू करने की कोशिश कर रही है। तुर्की और वअए की मध्यस्थता में हुई बातचीत में 2022 के इस्तांबुल समझौते को लागू करने पर सहमति हुई है।**

### जारी है रूस का यूक्रेन पर हमला

हालांकि इन सबके बीच रूस का यूक्रेन पर हमला जारी है। ताजा अपडेट की बात करें तो रूस के ड्रोन हमलों से यूक्रेन के ओडेसा क्षेत्र में बिजली और ऊर्जा संबंधी कई जगहों को नुकसान हुआ। यूक्रेन सर्दियों के करीब आते ही लगातार हो रहे रूसी हवाई हमलों और बिजली कटौती से जूझ रहा है। यूक्रेनी वायु सेना के अनुसार, रूस ने एक रात में 176 ड्रोन और एक मिसाइल दागी, जबकि यूक्रेनी सेनाओं ने इनमें से 139 ड्रोन को मार गिराया या बेअसर किया।

### रूस की रक्षा मंत्रालय का दावा

दूसरी ओर रूस की रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि उसने 57 यूक्रेनी ड्रोन को नष्ट किया। इस समय यूक्रेन अपनी सीमाओं को बचाने और रूस के आगे बढ़ने की कोशिशों को रोकने में जुटा है। साथ ही अब यह कोशिश जारी है कि कैदियों को जल्द घर लौटाया जाए और उन्हें अपने परिवार के बीच त्योहार मनाने का मौका मिले।

# भारत का सुरक्षा परिषद में पारदर्शिता बरतने का आह्वान आतंकी सूचीकरण प्रक्रिया पर उठाए गंभीर सवाल

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की एजेंसियों के कामकाज में अधिक पारदर्शिता बरतने का आह्वान किया है। इस संबंध में भारत ने संगठनों और लोगों को आतंकी संगठन या आतंकवादी घोषित करने के अनुरोध खारिज करने का हवाला भी दिया। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने कार्यप्रणाली पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की खुली बहस में कहा, संयुक्त राष्ट्र के निकाय के बतौर परिषद की कार्यप्रणाली विश्वसनीयता, दक्षता, प्रभावकारिता व पारदर्शिता महत्वपूर्ण हैं। कार्यक्षेत्र में कई क्षेत्र हैं लेकिन सदस्य संख्या सिर्फ 15 तक सीमित है। जबकि यह निकाय कई संकटों से घिरे व चुनौतियों से जूझ रहे विश्व में महत्वपूर्ण है। उन्होंने इसके कामकाज में अधिक पारदर्शिता पर बल दिया और कहा, इसका एक उदाहरण वह अस्पष्ट ढंग है जिसके आधार पर संगठन/लोग सूचीबद्ध होने से बच जाते हैं।



**हितों के टकराव की जगह परिषद में नहीं होनी चाहिए**

संगठनों व लोगों को सूचीबद्ध करने के बजाय उन्हें सूची से हटाने के फैसलों के विपरीत सुरक्षा परिषद में खारिज हुए अनुरोधों पर फैसले अस्पष्ट तरीके से किए जाते हैं। यहां तक कि परिषद के बाहर के सदस्य देशों को इसकी जानकारी तक नहीं होती। हरीश ने कहा, परिषद की समितियों व सहायक संगठनों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों को विशेषाधिकार प्राप्त होता है, जिनका काम जिम्मेदारी भरा होता है। वह बोले, हितों के टकराव के लिए परिषद में कोई जगह नहीं होनी चाहिए।

**भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से आतंकी सूचीकरण प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता की मांग करते हुए कहा कि कई अनुरोध अस्पष्ट आधार पर खारिज किए जाते हैं।**

**स्थायी, अस्थायी श्रेणियों में विस्तार पर दिया जोर**

हरीश ने 15 देशों की सदस्यता वाले संयुक्त राष्ट्र में सुधार का आह्वान कर कहा, सुरक्षा परिषद को उद्देश्यपूर्ण बनाने, मौजूदा व भावी चुनौतियों का सामना करने के लिए आठ दशक पुरानी संरचना को नया स्वरूप देने पर समग्र प्रयास की जरूरत है। उन्होंने भौगोलिक क्षेत्रों में पर्याप्त प्रतिनिधित्व के लिए स्थायी और अस्थायी दोनों तरह की श्रेणियों में विस्तार पर भी जोर दिया।

**क्रिसमस ट्री जनादेश से बच साधारण जनादेश पर लौटें**

यूएन में भारत के राजदूत, पी. हरीश ने सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) को अधिक प्रतिनिधित्वपूर्ण और प्रभावी बनाने के लिए सुधारों की पैरवी की। उन्होंने पारदर्शिता, जवाबदेही और समावेशिता पर बल दिया व संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना में भारत के योगदान पर प्रकाश डाला।

उन्होंने शांति स्थापना आदेशों के बेहतर कार्यान्वयन के लिए टीसीसी व पीसीसी सुझावों पर जोर देकर कहा, शांति स्थापना मिशनों को क्रिसमस ट्री आदेशों से बचकर, सामान्य आदेशों पर लौटना चाहिए।

गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
(ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY

# रोटरी क्लब गाजियाबाद नॉर्थ ने आयोजित की भव्य पेंटिंग प्रतियोगिता

## मुख्य अतिथि विधायक अजीत पाल त्यागी और फेडरेशन अध्यक्ष ललित (लालायित) जायसवाल की उपस्थिति ने कार्यक्रम को बनाया खास






**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** रोटरी क्लब गाज़ियाबाद नॉर्थ द्वारा हर वर्ष आयोजित होने वाली भव्य पेंटिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन इस वर्ष भी शानदार तरीके से सम्पन्न हुआ। गाज़ियाबाद के लगभग 130 विद्यालयों के 1100 नन्हे कलाकारों ने उत्साह के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता में बच्चों को जन्म वर्ष के आधार पर 7 समूहों में विभाजित किया गया।

प्रत्येक समूह में प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं पाँच प्रोत्साहन पुरस्कार दिए जाएंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक मुरादनगर अजीत पाल त्यागी रहे, जिन्होंने गुब्बारे उड़ाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने हेतु पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर आलोक गुप्ता, असिस्टेंट गवर्नर मोहिंदर सिंह, तथा श्रीमती स्वर्णा मित्तल ने भी विशेष उपस्थिति दर्ज कराई।

प्रतियोगिता के संचालन में क्लब अध्यक्ष रोटेरियन पुनीत अग्रवाल, सचिव रोटेरियन रजत जिंदल, कोषाध्यक्ष रोटेरियन शिशिर अग्रवाल, एवं प्रोजेक्ट चेयरमैन रोटेरियन ललित (लालायित) जायसवाल का योगदान सराहनीय रहा। कार्यक्रम का संचालन रोटेरियन सुमेश गर्ग एवं रोटेरियन सुधीर गुप्ता ने अत्यंत सुचारू रूप से किया।

बच्चों में कला के प्रति उत्साह बढ़ाने हेतु क्लब द्वारा सभी प्रतिभागियों को निःशुल्क स्नैक्स भी वितरित किए गए। क्लब का लक्ष्य बच्चों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और कलात्मक अभिव्यक्ति को प्रेरित करना है। कार्यक्रम में क्लब सदस्यों– अंकुर अग्रवाल, संजय जैन, मनोज अग्रवाल, आलोक गर्ग, सुधीर गुप्ता, राकेश जिंदल, पीयूष गुप्ता, विजय महेश्वरी, रितु अग्रवाल, नीतू जैन, नमिता जिंदल, शिवानी जैन, पूनम महेश्वरी, निशा गर्ग–ने सक्रिय सहभागिता निभाई। साथ ही कवि नगर ए-ब्लॉक फेडरेशन के अध्यक्ष ललित (लालायित) जायसवाल एवं अन्य सदस्यों ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को सफल बनाया।

**इस वर्ष प्रत्येक समूह के लिए विशेष थीम निर्धारित की गई–**
- 2012-2013 जन्म वर्ष : महाकुंभ
- 2014-2015 जन्म वर्ष : भारत के त्यौहार
- 2016-2017-2018 जन्म वर्ष : पिकनिक

# दिल्ली में आयोजित होगा अंतरराष्ट्रीय त्रिपिटक चेंटिंग समारोह

## विस्तृत जानकारी की गई साझा, भारत के 17 बौद्ध संगठनों की ऐतिहासिक एकजुटता




**नई दिल्ली/बोधगया, करंट क्राइम।** आगामी 20वें वार्षिक अंतरराष्ट्रीय त्रिपिटक चेंटिंग समारोह (2-13 दिसंबर 2025) के संबंध में नई दिल्ली में एक विशेष प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई, जिसमें भारत के शीर्ष बौद्ध संगठनों, अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ और मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित किया गया। इस प्रेस सभा का उद्देश्य दिसंबर में बोधगया में होने वाले वैश्विक बौद्ध कार्यक्रम की तैयारियों, सहयोग, अंतरराष्ट्रीय भागीदारी और सांस्कृतिक महत्व को व्यापक रूप से साझा करना था। प्रेस कॉन्फ्रेंस में खुलासा किया गया कि इस वर्ष भारत के 17 प्रमुख बौद्ध संगठनों ने पहली बार एकजुट होकर महाबोधि मंदिर परिसर, बोधगया में होने वाले इस प्रतिष्ठित आयोजन को सामूहिक रूप से आयोजित करने का निर्णय लिया है। यह अपने आप में ऐतिहासिक कदम है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में वांगमो डिक्से, संस्थापक एवं कार्यकारी निदेशक, लाइट ऑफ बुद्धा धर्मा फाउंडेशन इंटरनेशनल ने कहा, हम पाली परंपरा का सम्मान करते हुए बुद्ध के उपदेशों का स्मरण और चिंतन करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पाली भाषा को शास्त्रीय दर्जा मिलना बौद्ध समुदाय के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है। हमें आशा है कि इस वर्ष अधिक भारतीय इस पवित्र चेंटिंग में भाग लेंगे। उद्घाटन दिवस (2 दिसंबर) के मुख्य अतिथि होंगे पेमा खांडु, मुख्यमंत्री अरुणाचल प्रदेश, अतिथि : सम्मानित चावना मेन, 6 दिसंबर : किरेन रिजिजू, 12 दिसंबर (समापन दिवस) : नितिन गडकरी।


संघसेन महाथेरो ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा : भारत पहले से ही विश्वगुरु रहा है क्योंकि यहां भगवान बुद्ध हुए। आज हम बुद्ध के शांतिसंदेश को विश्वभर तक पहुंचाकर उस महान परंपरा को पुनर्जीवित कर रहे हैं।

# जाम और यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए नगर आयुक्त की पहल

## इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम को और मजबूत करने की तैयारी

### 41 चौराहों पर हाई-टेक कैमरे और ऑटोमेटिक मॉनिटरिंग रूम सक्रिय





**गाजियाबाद ,करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने शहर की बढ़ती यातायात चुनौतियों को देखते हुए बड़ा कदम उठाया है। शहर में जाम की समस्या को नियंत्रित करने, सड़क सुरक्षा बढ़ाने और अपराध नियंत्रण को तकनीक से जोड़ने के लिए नगर निगम, जीडीए और यातायात विभाग संयुक्त रूप से कार्य कर रहे हैं। नगर आयुक्त ने एक्सपर्ट टीम और निगम अधिकारियों के साथ विस्तृत बैठक कर इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया।

### 41 प्रमुख चौराहों पर हाई-टेक सिस्टम सक्रिय



**करंट क्राइम।** शहर के 41 महत्वपूर्ण चौराहों पर अब ऑटोमेटिक चालान (कैमरा सिस्टम) और रीयल-टाइम मॉनिटरिंग कंट्रोल रूम स्थापित किए जा चुके हैं।
**इसका उद्देश्य:** यातायात नियमों का स्वत: पालन कराना। अपराधियों और संदिग्ध वाहनों की पहचान। शहर में होने वाली गतिविधियों की 24/7 निगरानी। जाम और अव्यवस्था की त्वरित जानकारी। नगर आयुक्त ने कहा कि इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम को और अपग्रेड करते हुए शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को तकनीकी रूप से मजबूत किया जाएगा।

### जाम वाले हॉट स्पॉट्स पर नया प्लान : चार स्थानों पर फोकस

**नगर आयुक्त ने प्रथम चरण में चार प्रमुख जाम पॉइंट्स चुने हैं–**

1. आरडीसी, राजनगर
2. राजनगर एक्सटेंशन रेड लाइट
3. शेषनाग द्वारा
4. काला पत्थर रोड

इन स्थानों पर ट्रैफिक फ्लो बदलने, पार्किंग सुधारने और अवैध अतिक्रमण हटाने की विस्तृत योजना तैयार की जा रही है।

### अवैध अतिक्रमण और गलत पार्किंग पर चलेगी बड़ी कार्रवाई

**करंट क्राइम।** बैठक में यह निर्णय लिया गया कि शहर में जाम कम करने में सबसे बड़ी बाधा– सड़क पर कब्जे, गलत तरीके से की गई पार्किंग, अनियोजित यू-टर्न, इन पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। विशेषकर आरडीसी में एक सप्ताह के भीतर बड़े पैमाने पर अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया जाएगा। शहर में जाम से राहत दिलाने के लिए तीन विभाग मिलकर संयुक्त एक्शन प्लान पर काम करेंगे। जीडीए सड़क संरचना और यू-टर्न सुधार। यातायात विभाग रूट डायवर्शन और ट्रैफिक कंट्रोल, नगर निगम अतिक्रमण हटाने और पार्किंग व्यवस्था बदलने का काम करेगा। इसके साथ ही एयर पॉल्यूशन एक्शन ग्रुप को भी जाम वाले क्षेत्रों में कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिए गए।

# शहीदनगर वार्ड 34 में एसआईआर को लेकर मो. कल्लन ने लोगों के साथ की बैठक

## मोहम्मद कल्लन बोले- 2003 के मतदाता सूची वालों को भरने होंगे दो फॉर्म, नए वोटर्स फोटो-आईडी तैयार रखें



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) लागू होने के बाद मतदाताओं में उठ रहे सवालों को शांत करने के लिए शहीद नगर वार्ड 34 पार्षद मोहम्मद कल्लन ने क्षेत्रीय बीएलओ और जिम्मेदार नागरिकों के साथ बैठक की। उन्होंने लोगों को एसआईआर प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी।

पूर्व पार्षद मोहम्मद कल्लन ने बताया कि पहले फेज में एसआईआर फॉर्म के साथ किसी भी दस्तावेज की आवश्यकता नहीं है। जिन मतदाताओं के नाम साल 2003 की मतदाता सूची में शामिल हैं, उन्हें केवल दो फॉर्म भरकर बीएलओ को देने हैं। उन्होंने कहा-सभी मतदाता अपने दो रंगीन फोटो (सफेद बैक ग्राउंड के साथ) तैयार रखें। वहीं, जिन लोगों को नया वोट बनवाना है, उन्हें दो फोटो के साथ अपनी दो आईडी, जैसे-जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड या पासपोर्ट की कॉपी देनी होगी। मोहम्मद कल्लन ने कहा कि अभी किसी को घबराने की जरूरत नहीं है, एसआईआर प्रक्रिया सरल है और पारदर्शी ढंग से की जा रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने क्षेत्र के बीएलओ का पूरा सहयोग करें ताकि किसी भी मतदाता को परेशानी न हो।

कार्यक्रम के दौरान बीएलओ ने उपस्थित नागरिकों को एसआईआर से जुड़ी प्रक्रिया की जानकारी दी और उनके सवालों के जवाब भी दिए। पूर्व पार्षद मो. कल्लन ने कहा कि यह सबकी साझा जिम्मेदारी है कि मतदाता सूची को अद्यतन और सही बनाया जाए। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वे समय रहते अपने फार्म भरें और बीएलओ की सहायता से प्रक्रिया पूरी करें।

# इन्दू शिशु विद्या सदन के वार्षिकोत्सव पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए






**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** रविदास कालोनी,विजय नगर स्थित इन्दु शिशु विद्या सदन (संचालित- ममता की छांव सेवा ट्रस्ट) द्वारा 15 नवंबर 2025 शनिवार को स्कूल का वार्षिकोत्सव उत्सव- भवन के हाल में मनाया गया । प्रातः काल 11:30 बजे अतिथियों द्वारा मां सरस्वती और भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का आरंभ किया गया। कार्यक्रम का संचालन स्कूल प्रबंधक राज कुमार आर्या और प्रधानाचार्या सीमा शर्मा ने किया। बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

समारोह अध्यक्षा डॉ. प्रतिभा सिंघल (सेवानिवृत्त शिक्षिका कन्या वैदिक इंटर कॉलेज), कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक संजीव शर्मा व अतिथिगण कर्नल टी.पी. त्यागी (वीर चक्र), रोटे. सुभाष गुप्ता, वी.पी. गोयल , डॉ. खत्री (खत्री नर्सिंग होम), आर.के. पांडे, मुनीश अवस्थी, हरप्रीत सिंह जग्गी, वाई.के. परिहार, सचिन अग्रवाल व शिक्षाविद् जे.एल.रैना कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

सभी अतिथियों और ट्रस्ट के चेयरमैन मेघ राज अरोड़ा व वरिष्ठ संरक्षक स्वरूप नारायण पिशन का स्वागत डॉ. त्रिपाठी, डॉ. आर्या, डॉ. खत्री, एस.के.नन्दा, विनोद शर्मा, सीमा शर्मा, महेंद्र खंडेलवाल, संजीव बरनवाल व बालकृष्ण कुकरेजा ने स्मृति चिन्ह व ममता की छांव सेवा ट्रस्ट का बैग व पटका पहनाकर सम्मानित किया।

महिला अतिथि प्रतिभा सिंघल और महिला पत्रकार सविता शर्मा और आर. पी. एकाडमी की प्रिंसिपल अरुणा शर्मा को ट्रस्ट और स्कूल के पदाधिकारियों और सदस्यों मंजू त्रिपाठी, सुधा रानी, कीर्ति नन्दा, सुधा खण्डेलवाल,रानी ममता, मंजू मल्होत्रा, अर्चना शर्मा, प्रीती कुकरेजा द्वारा सम्मानित किया गया।

ट्रस्ट के उपाध्यक्ष एस.के.नन्दा ने ट्रस्ट का परिचय, ट्रस्ट और समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों का विवरण दिया। इस कार्यक्रम में ट्रस्ट के चेयरमैन मेघराज अरोड़ा और कोषाध्यक्ष डॉ. एम. एल. त्रिपाठी को शॉल और माला पहनाकर सम्मानित किया।

# प्राकृतिक चिकित्सा दिवस पर कार्यशाला आयोजित

## बताया गया कि शरीर और मन को कैसे स्वस्थ रखें



**गाजियाबाद (करंट क्राइम) :** राजया स्वास्थ्य शिक्षा संस्थान द्वारा स्वामी भास्करानंद वैदिक थैरेपी सेंटर शास्त्री नगर (निकट डायमंड फ्लाई ओवर) में 16 नवंबर 2025 रविवार को प्राकृतिक चिकित्सा दिवस पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह थेरेपी सेंटर डॉ. राजीव बिश्नोई और डॉ. जया चौधरी के संचालन में कई वर्षों से काम कर रहा है। डॉ. बिश्नोई ने बताया कि हमारा शरीर प्राकृतिक रूप से 80 प्रतिशत अल्कलाइन और 20 प्रतिशत एसिडिक है। परंतु हम हर समय काबोर्हाइड्रेट ही ग्रहण करते रहते हैं जिसकी वजह से हमारे शरीर में एसिड बनता है और पीएच लेवल डाउन होने लगता है ।

योगाचार्य त्रयम्बकेश ने ब्लड प्रेशर हाई होने के कुछ कारण बताएं। कार्यक्रम में मंचासीन स्वामी रामेश्वरम महाराज, प्राकृतिक चिकित्सा के अनुभवी सेवानिवृत्त आई एफ एस विनोद कुमार विश्नोई, संचार- रत्न से सम्मानित डॉ. एम. के. सेठ, प्राकृतिक चिकित्सा से स्वस्थ हुए सुशील अग्रवाल व सत्येंद्र सिंह ने भी शरीर को स्वस्थ रखने के लिए बहुत सारे उपाय बताए।

विनोद कुमार विश्नोई ने बताया कि सिर्फ यह शरीर ही हमारा है इस शरीर के अलावा इस दुनिया में और कुछ भी हमारा नहीं है। अपने शरीर पर ही हमारा अधिकार है। स्वामी रामेश्वरम महाराज ने कहा कि यह कार्यक्रम स्वास्थ्य के लिए है और हमारा शरीर प्रकृति से बनता है जो अग्नि, वायु, आकाश, पृथ्वी और जल हैं। जब हमारे शरीर में यह तत्व संतुलित रहते हैं तो हमारा शरीर स्वस्थ रहता है और जैसे ही यह तत्व असंतुलित होने लगते हैं हमारा शरीर रोग ग्रस्त होने लगता है। इसलिए अपने शरीर को संतुलन में और स्वस्थ रखने के लिए हमें इन पांचो तत्वों को भी संतुलित रखना होगा। कार्यक्रम के समापन पर सभी अतिथियों को पौधा देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संजय बिश्नोई, पारुल बिश्नोई, रिंकी बिश्नोई ,पृथ्वी पाल बिश्नोई, शगुन विश्नोई ,सुशील कुमार, डॉ. पलक, धैर्य कुमार, वरिष्ठ पत्रकार सुशील कुमार शर्मा, अर्चना शर्मा,निशा, वीरेंद्र और ईशा उपस्थित रहे।

# वार्ड 98 में हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन 150 से अधिक लोगों ने उठाया लाभ




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के वार्ड 98 के पार्षद डॉ. अनिल तोमर के कार्यालय पर मेगा फ्री हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व हमारी पार्षद प्रतिनिधि डॉक्टर लीना चौहान तोमर ने किया। इस शिविर में 150 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराई और विशेषज्ञ परामर्श प्राप्त किया।

शिविर में ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. सुनील यादव, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुराधा, इंटरनल मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. विकास अग्रवाल तथा फिजियोथेरेपिस्ट व डाइटीशियन डॉ. प्रियंका तोमर ने अपनी निःशुल्क सेवाएँ प्रदान कीं। कैंप में फ्री बीएमआई, फ्री पीएफटी ब्लड टेस्ट, डाइट काउंसलिंग/फिजियोथेरेपी काउंसलिंग, दंत चिकित्सा परामर्श जैसी सुविधाएँ फ्री उपलब्ध कराई गईं।

समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने हेतु ऐसे निःशुल्क कैंप आगे भी आयोजित किए जाते रहेंगे। इस अवसर पर रीना ढींगरा का विशेष सहयोग रहा। डॉक्टर अनिल तोमर ने कहा, हमारा उद्देश्य समाज के सभी वर्गों को स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करना है। हम आगे भी ऐसे निःशुल्क कैंप आयोजित करते रहेंगे।

# आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान: खोड़ा मकनपुर मंडल में महिला मोर्चा सम्मेलन का आयोजन




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** खोड़ा मकनपुर मंडल में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत महिला मोर्चा सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व मेयर आशा शर्मा उपस्थित रहीं।

उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान में हर घर स्वदेशी घर घर स्वदेशी का नारा दिया और मोदी जी की असख्य योजना के लाभ के बारे में बताया। उन्होंने जन कल्याण कारी योजनाओं से अवगत कराया और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर अनीता शर्मा महानगर संयोजिका, ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और देश की आर्थिक विकास में उनकी भूमिका को बढ़ावा देना है।

इस अवसर पर सिंपी सिंह एडवोकेट, पूर्व सभासद, और आरती योगेश भाटी, मंडल सह संयोजिका, ने भी अपने विचार रखें।

आरती योगेश भाटी ने कहा, स्वदेशी अपनाना न केवल हमारे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाता है, बल्कि यह हमारे देश की संस्कृति और परंपराओं को भी बचाए रखने में मदद करता है। मैं सभी से अपील करती हूं कि वे स्वदेशी उत्पादों को अपनाएं और देश की आर्थिक विकास में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा, स्वदेशी अपनाने से न केवल हमारे देश की अर्थव्यवस्था को फायदा होता है, बल्कि यह हमारे देश के लोगों को रोजगार भी प्रदान करता है। इसलिए, आइए हम सभी स्वदेशी अपनाएं और देश को आत्मनिर्भर बनाएं।

# पार्षद राहुल शर्मा ने किया विकास कार्य का उद्घाटन




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 80 में शालीमार गार्डन सर्विस रोड से लेकर पसौंडा पुलिया तक के नाले के बराबर में आरसीसी की दीवार के कार्यों का उद्घाटन मेयर सुनीता दयाल ने किया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने माला पहनाकर उनका धन्यवाद किया। इस अवसर पर राकेश चौधरी, सतेंद्र शर्मा, संतसिंह बंसल, अमितकौल, सतीश अग्रवाल, सुनील जैन, प्रकाश चंद, कंचनजी, हरीश मिश्र, चांद तारा माथुर, ब्रह्मानंद मिश्रा, राम मोर्या, पाण्डेजी, हरिओम शर्मा, सुरिंदर कुमार, पंडित हरिओम शास्त्री, सर्वेश कुमार, वैभव चौधरी, विनय कुमार, आदि लोग उपस्थित रहे।

पार्षद राहुल शर्मा ने कहा ने वार्ड 80 में नाले की दीवार का शुभारंभ हो रहा है, जो हमारे वार्ड के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। यह कार्य हमारे वार्ड के लोगों के लिए एक बड़ी उपलब्धि है और हमें गर्व है कि हमारा वार्ड चहुंमुखी विकास की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, मैं अपने वार्ड के लोगों को आश्वस्त करता हूं कि मैं उनके साथ हमेशा खड़ा हूं और उनके विकास के लिए काम करता रहूंगा। हमारा लक्ष्य है कि वार्ड 80 को एक आदर्श वार्ड बनाना और यहां के लोगों को सभी सुविधाएं प्रदान करना।

पार्षद राहुल शर्मा ने कहा मैं मेयर सुनीता दयाल का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने हमारे वार्ड के विकास के लिए हमेशा सहयोग किया है। मैं उनके समर्थन के लिए उनका आभारी